DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



### राज्य सरकार नवउद्यमियों के साथ : मंगलप्रभात लोढा

कौशल विकास, रोजगार व उद्यमिता मंत्री मंगलप्रभात लोढा ने कहा कि महाराष्ट्र में शिक्षा और नवप्रवर्तन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है और आने वाले समय में राज्य इस क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एसएनडीटी विश्वविद्यालय को पूरा समर्थन दे रही है।



45 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व में, नवाचार से बनेगी पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की रीढ़

# महाराष्ट्र भारत की असली 'स्टार्टअप राजधानी' : सीएम

**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र भारत की असली स्टार्टअप राजधानी है, क्योंकि देश में सबसे अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स यहीं हैं। इनमें से 45 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महाराष्ट्र और विशेष रूप से महिला उद्यमियों का अहम योगदान रहेगा।

### 'इनोवेशन महाकुंभ 2025' में युवाओं को दिया संदेश

मुख्यमंत्री फडणवीस जुहू स्थित एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय में आयोजित 'इनोवेशन महाकुंभ 2025' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के मन में हर विचार एक नवाचार है, और यह युग हर व्यक्ति को उद्यमी बनने का अवसर देता है। उन्होंने याद दिलाया कि 1916 में महर्षी धोंडो केशव कर्वे ने महिलाओं के लिए स्वतंत्र विश्वविद्यालय स्थापित कर दूरदृष्टि का परिचय दिया था, जिसने आज महिला सशक्तीकरण के नए युग की नींव रखी।

### नवाचार से जीवन हो रहा आसान

फडणवीस ने कहा कि आज नवप्रवर्तन सिर्फ नए उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को सरल और सुविधाजनक बना रहा है। जब किसी विचार को बाजार में उतारा जाता है, तो वह अर्थव्यवस्था को गति देता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स ने नवाचार की गति को और तेज किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान की बदौलत भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी स्टार्टअप इकॉनॉमी बन चुका है।

### तीन उत्कृष्ट स्टार्टअप विचारों का सम्मान

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में महिला उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत नवाचार प्रदर्शनी का अवलोकन किया और चिकित्सा, कृषि एवं परिवहन प्रबंधन क्षेत्रों में उत्कृष्ट तीन स्टार्टअप विचारों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्री-इनक्यूबेशन केंद्र का उद्घाटन भी किया।

### नवाचार से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रा. डॉ. उज्वला चक्रदेव ने 'इनोवेशन महाकुंभ 2025' के उद्देश्य और महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि महाराष्ट्र न केवल स्टार्टअप्स का केंद्र बनेगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी नई मिसाल पेश करेगा।

---

भूमि सौदे पर अजित पवार का बयान

# जांच जारी है, सच्चाई जल्द सामने आएगी



### पुणे में उठे सवालों पर सफाई

**अमित बृज । पुणे**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विवादास्पद भूमि सौदे में अपने बेटे पार्थ पवार का बचाव करते हुए कहा कि बिना किसी लेन-देन के दस्तावेज़ का पंजीकरण कैसे हो सकता है, यह अपने आप में सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विवाद स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राजनीतिक मकसद से खड़ा किया गया है। अजित पवार ने कहा कि जांच जारी है और सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

### 300 करोड़ रुपये के सौदे पर बवाल

पुणे के मुंधवा इलाके में 40 एकड़ जमीन करीब 300 करोड़ रुपये में बेचे जाने के बाद विवाद खड़ा हुआ है। इस सौदे में अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी की हिस्सेदारी सबसे अधिक बताई जा रही है। आरोप है कि यह जमीन 1,800 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य की थी और सौदे में अनियमितताएं की गईं। विपक्ष ने दावा किया है कि सौदे के लिए जरूरी सरकारी मंजूरियां नहीं ली गईं।

### चुनाव आते ही लगाए जाते हैं आरोप

बारामती में मीडिया से बात करते हुए अजित पवार ने कहा, 'पहले भी मेरे खिलाफ 70,000 करोड़ रुपये की अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। 15-16 साल हो गए हैं, लेकिन हर चुनाव से पहले ऐसे आरोप दोहराए जाते हैं। हम पारदर्शी तरीके से काम करते हैं, फिर भी हमारे खिलाफ आरोप लगाने की कोशिश की जाती है।' उन्होंने कहा कि राज्य में 2 दिसंबर को स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं, और यह विवाद उसी का हिस्सा है।

### पार्थ पवार को नहीं किया गया नामजद

अमाडिया एंटरप्राइजेज से जुड़े इस सौदे में पुलिस ने विक्रेताओं और हस्ताक्षरकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी और उप-रजिस्ट्रार आर.बी. तारू के नाम शामिल हैं। हालांकि पार्थ पवार को आरोपी नहीं बनाया गया है, लेकिन उनके रिश्तेदार पर मामला दर्ज है। अजित पवार ने कहा कि पार्थ की कंपनी ने विवाद के बाद बिक्री विलेख रद्द कर दिया है और इसके लिए दोगुनी स्टांप ड्यूटी यानी लगभग 42 करोड़ रुपये जमा करनी होगी।

### एक रुपये का लेन-देन बिना दस्तावेज़ कैसे पंजीकृत?

पवार ने सवाल उठाया कि "मुझे अब भी समझ नहीं आता कि बिना एक रुपये के लेन-देन के कोई दस्तावेज़ कैसे पंजीकृत हो सकता है? एक महीने के भीतर सब साफ हो जाएगा कि किसने और क्यों यह रजिस्ट्रेशन किया।" उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले की जांच के लिए समिति गठित की है। अधिकारियों से अपील की, 'अगर मेरे किसी करीबी या रिश्तेदार ने मेरे नाम का इस्तेमाल करते हुए नियमों का उल्लंघन किया है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए'। उन्होंने कहा कि वे चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हैं और जनता के सामने पूरी सच्चाई जल्द आ जाएगी।

---

# पाकिस्तान में आसिम मुनीर की बढ़ती ताकत

- PM से भी ज्यादा पावर
- संविधान में संशोधन से फील्ड मार्शल को आजीवन सुरक्षा
- सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां भी सीमित होंगी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ताकत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। मई 2025 में उन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी और अब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सरकार उनके अधिकारों को और विस्तार देने जा रही है। शहबाज सरकार द्वारा लाया गया 27वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पाकिस्तान की सत्ता संरचना को पूरी तरह बदल सकता है- जिससे मुनीर को प्रधानमंत्री से भी अधिक शक्ति मिल जाएगी। इस संशोधन के तहत एक नया संवैधानिक पद 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' (CDF) बनाया जाएगा, जिसे मौजूदा सेना प्रमुख संभालेंगे। इसका अर्थ है कि आसिम मुनीर सेना, नौसेना और वायुसेना-तीनों के सर्वोच्च प्रमुख बन जाएंगे।

### विपक्ष का आरोप-संविधान की जड़ें हिल जाएंगी

विपक्षी दलों ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए चेताया है कि इससे पाकिस्तान का संवैधानिक ढांचा चरमरा जाएगा। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह संशोधन मुनीर को आजीवन विशेषाधिकार देगा, जिससे उनके खिलाफ पूरे जीवन में कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकेगा। उनका कहना है, "मुनीर अपनी ही नीतियों से डरे हुए हैं।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### रूस के ड्रोन हमलों से यूक्रेन के कई शहर अंधेरे में डूबे

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध एक बार फिर ऊर्जा मोर्चे पर निर्णायक मोड़ लेता दिख रहा है। रूस ने गुरुवार रात यूक्रेन के बिजली संयंत्रों और पावर ग्रिडों पर सैकड़ों ड्रोन से हमला किया, जिससे देश के कई हिस्सों में बिजली, पानी और हीटिंग सिस्टम ठप हो गए। यूक्रेन सरकार ने इसे अब तक के सबसे बड़े समन्वित हमलों में से एक बताया है। विशेषज्ञों के अनुसार, जैसे-जैसे सर्दियां करीब आ रही हैं, ऊर्जा ढांचे पर ऐसे हमले यूक्रेन के लिए मानवीय संकट खड़ा कर सकते हैं। यूक्रेन की प्रमुख ऊर्जा कंपनी सेंट्रएनर्गो ने पुष्टि की कि उसके दो प्रमुख बिजली संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। तीसरा संयंत्र पहले से ही रूसी कब्जे वाले क्षेत्र में है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, इन हमलों के बाद हमारे बिजली उत्पादन की क्षमता फिलहाल शून्य हो गई है।

### एमपी को हरित परिवहन की सौगात, आठ शहरों में चलेंगी 972 ई-बसें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अब सार्वजनिक परिवहन और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर आगे बढ़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्र सरकार ने राज्य के आठ प्रमुख नगर निगमों में कुल 972 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को मंजूरी दे दी है। इन बसों को पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत स्वीकृति मिली है, जिससे प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को गति मिलेगी। राज्य सरकार ने बताया कि बसों के शीघ्र संचालन के लिए संबंधित नगरीय निकायों में चार्जिंग स्टेशन और बस डिपो से जुड़ा ढांचा तेजी से तैयार किया जा रहा है। परियोजना से जुड़े कार्यों की निगरानी नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा की जा रही है, ताकि बसें निर्धारित समय में सड़कों पर उतर सकें। जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी के अनुसार, बस डिपो निर्माण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच लागत का 60:40 अनुपात तय किया गया है। वहीं, चार्जिंग स्टेशन जैसी विद्युत अधोसंरचना के लिए केंद्र सरकार 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है।

---

# सिर्फ इंसानों को नहीं, जानवरों को भी जीने का हक : अंबिका शुक्ला



'जानवर भी इस धरती के नागरिक हैं'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों से हटाने के आदेश के बाद देशभर में पशु अधिकार कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है। कोर्ट ने एमसीडी को आठ हफ्तों की डेडलाइन देते हुए इन कुत्तों को डॉग शेल्टर में भेजने के निर्देश दिए हैं। लेकिन इस फैसले पर एनिमल राइट एक्टिविस्ट अंबिका शुक्ला ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

### कोर्ट के आदेश पर उठाए सवाल

पशु अधिकार कार्यकर्ता अंबिका शुक्ला ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को 'अमानवीय' बताते हुए कहा कि यह निर्णय वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा, "सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों को तो खुली छूट दी, लेकिन अब कह रहा है कि प्रदूषण नहीं हटाओ, जानवरों को हटाओ। यह कैसा न्याय है? क्या इस देश में सिर्फ इंसानों को ही जीने का हक़ है?" अंबिका शुक्ला ने कहा कि कोर्ट ने यह फैसला बिना किसी वैज्ञानिक अध्ययन, विशेषज्ञ रिपोर्ट या नगरपालिका डेटा के आधार पर दिया है। उन्होंने सवाल किया, "यह पहला आदेश है, जिसके फुटनोट में सिर्फ असत्यापित मीडिया रिपोर्ट्स हैं। कोर्ट का काम सुनवाई करना है, न कि बिना पक्ष सुने फैसला सुनाना।" उन्होंने बताया कि कई वरिष्ठ वकील कोर्ट में इस मामले पर अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया। "न सुनवाई हुई, न बहस, न एक्सपर्ट की राय ली गई।

---

# फिलीपींस में सुपर टाइफून 'फंग-वोंग' का कहर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फिलीपींस। फिलीपींस में सुपर टाइफून फंग-वोंग (Fung-Wong) ने जबरदस्त तबाही मचा दी है। रविवार शाम लैंडफॉल करने से पहले ही 12 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। तूफान के चलते अब तक दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। फंग-वोंग के कारण फिलीपींस के लुसॉन द्वीप पर रविवार शाम से ही तेज बारिश हो रही है, जबकि हवाएं 185 से 230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। मुख्य द्वीप लुसॉन में सोमवार को स्कूल और सरकारी कार्यालय बंद रखे गए हैं। राजधानी मनीला में करीब 300 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रक्षा सचिव गिलबर्टो तेदोरो ने नागरिकों से बचाव आदेशों का पालन करने की अपील की और चेतावनी दी कि ऐसा न करना जानलेवा साबित हो सकता है।

12 लाख से ज्यादा लोग हुए विस्थापित, कई इलाकों में तेज बारिश और बाढ़ का खतरा



### साल का 21वां बड़ा तूफान

मौसम विभाग के अनुसार, टाइफून फंग-वोंग फिलीपींस में इस वर्ष का 21वां बड़ा तूफान है। इससे पहले टाइफून कालमेगी से 224 लोगों की मौत और 135 लोगों के लापता होने की घटनाएं सामने आई थीं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अब तूफान पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली हो रहे हैं — गर्म समुद्र इन तूफानों को तेजी से ऊर्जा देता है और नम वातावरण भारी बारिश का कारण बनता है।

### अरोरा प्रांत में सबसे ज्यादा असर की आशंका

अरोरा प्रांत में तूफान का सबसे ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। स्थानीय निवासी एरीज ओरा ने बताया कि उन्होंने अपने घर को मजबूत करने के लिए लकड़ी और स्टील शीट्स लगाई हैं। उन्होंने कहा, "रात में लैंडफॉल होने के कारण खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि लोग हवाओं और आसपास की स्थिति को देख नहीं पाते।"

### कई तटीय क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति

कैटांडुआनेस और अलबे प्रांत में तूफान ने पहले ही असर दिखाना शुरू कर दिया है। समुद्री लहरें सड़कों तक पहुंच गई हैं और कई जगहों पर बाढ़ का पानी भर गया है। स्थानीय निवासी एडसन कासरिनो ने बताया कि सुबह से लहरें इतनी तेज थीं कि ऐसा लग रहा था जैसे जमीन कांप रही हो। अलबे के गुइनोबाटान शहर में कई सड़कें जलमग्न हो गई हैं और घरों में पानी घुस गया है।

---

# देरी से पहुंचे राहुल गांधी को मिली सजा

**पचमढ़ी।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में चल रहे कांग्रेस जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में इस बार पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी खुद अनुशासन के नियमों की चपेट में आ गए। निर्धारित समय से करीब 20 मिनट देरी से पहुंचने पर उन्हें प्रतीकात्मक सजा के रूप में सबके सामने 10 पुशअप लगाने पड़े। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन और समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया था। नियमों के अनुसार, जो प्रतिभागी समय पर नहीं पहुंचते, उन्हें 'सजा' के रूप में ताली बजाकर या किसी हल्के शारीरिक अभ्यास से समय की अहमियत का अहसास कराया जाता है। शनिवार शाम जब राहुल गांधी शिविर में पहुंचे तो प्रशिक्षण प्रमुख सचिन राव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि देर से आने वालों को सजा दी जाती है। इस पर राहुल गांधी ने मुस्कराते हुए पूछा कि उनके लिए क्या सजा है



कांग्रेस कैंप में सबके सामने लगाए 10 पुशअप

---

# टैरिफ पर विरोध करने वाले हैं 'मूर्ख' : ट्रंप

- अमेरिकियों को 2000 डॉलर डिविडेंड देने का किया दावा
- टैरिफ से मजबूत हुई अमेरिकी अर्थव्यवस्था

**एजेंसी । वॉशिंगटन**

मेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अपने टैरिफ (आयात शुल्क) वाले रुख का बचाव करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद बताया है। रविवार, 9 नवंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा कि "जो लोग टैरिफ का विरोध करते हैं, वे फूल्स यानी मूर्ख हैं।" ट्रंप ने दावा किया कि उनकी नीतियों के चलते अमेरिका आज दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बन गया है। उन्होंने लिखा कि देश में महंगाई कम हुई है, शेयर बाजार मजबूत है और निवेश तेजी से बढ़ा है। उनके अनुसार, अमेरिकी नागरिकों के 401k रिटायरमेंट अकाउंट अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। ट्रंप ने कहा कि टैरिफ से अमेरिका "ट्रिलियंस ऑफ डॉलर" कमा रहा है, जिससे 37 ट्रिलियन डॉलर के राष्ट्रीय कर्ज को घटाने में मदद मिल सकती है।



### हर अमेरिकी को मिलेगा 2000 डॉलर डिविडेंड?

अपनी पोस्ट में ट्रंप ने एक और बड़ा वादा करते हुए कहा कि उनकी नीतियों की वजह से देश में रिकॉर्ड निवेश हो रहा है और नई फैक्ट्रियां व प्लांट्स बन रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि टैरिफ से हुई कमाई का फायदा हर नागरिक को मिलेगा और "हर अमेरिकी को कम से कम 2000 डॉलर का डिविडेंड" दिया जाएगा। हालांकि, इस घोषणा के लिए ट्रंप ने कोई आधिकारिक योजना या समय सीमा साझा नहीं की है।

### आलोचकों ने उठाए सवाल

ट्रंप के इस बयान के बाद अमेरिका में आर्थिक नीतियों पर फिर से बहस छिड़ गई है। जहां उनके समर्थक इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक बता रहे हैं, वहीं आलोचक कह रहे हैं कि टैरिफ से महंगाई और उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ता है। ट्रंप के 2000 डॉलर डिविडेंड वाले वादे पर भी अब यह सवाल उठ रहा है कि यह योजना वास्तव में लागू होगी या सिर्फ एक राजनीतिक बयान बनकर रह जाएगी।

---

# दिल्ली में सांस लेना हुआ मुश्किल

### फिलहाल GRAP-3 नहीं लागू करेगा CAQM

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। रविवार सुबह दिल्ली इस सीजन की सबसे प्रदूषित सुबहों में से एक रही। औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 391 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी के बेहद करीब है। हालांकि, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने फिलहाल GRAP-3 लागू न करने का फैसला किया है। दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए CAQM की सब-कमेटी की रविवार को बैठक हुई।



### सुबह दिल्ली रही गैस चेंबर जैसी स्थिति में

रविवार सुबह राजधानी पर घना धुंध का परदा छाया रहा। तापमान गिरकर 11.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से काफी कम है। सुबह 8 बजे AQI 391 था — जो इस सीजन का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। दोपहर तक इसमें हल्की गिरावट आई और शाम 4 बजे यह 370 दर्ज हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, हवा की रफ्तार कम होने और तापमान में गिरावट से प्रदूषक कणों का फैलाव नहीं हो पा रहा है, जिससे स्थिति बिगड़ रही है।

न्यूज़ ब्रीफ

## पालघर का मछुआरा पाकिस्तान की हिरासत में

**पालघर।** गुजरात के ओखा बंदर से मछली पकड़ने निकली 'नल नारायण' ट्रॉलर गलती से पाकिस्तान की समुद्री सीमा में चली गई, जिसे पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया। नाव पर सवार महाराष्ट्र के पालघर जिले के सातपाटी गांव के 65 वर्षीय मछुआरे नामदेव बालकृष्ण मेहर को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार, मेहर गुजरात के जयंती भाई राठौड़ की नाव पर खलासी के रूप में काम करते थे। कुछ वर्ष पूर्व उनके दामाद श्रीधर रमेश चामरे की पाकिस्तान की गोलीबारी में मौत हुई थी। फिलहाल करीब 193 भारतीय मछुआरे पाकिस्तान की जेलों में कैद हैं, जिनमें महाराष्ट्र के अब 19 मछुआरे शामिल हैं। सामाजिक कार्यकर्ता जतीन देसाई ने उनकी रिहाई की मांग की है।

## 'लाडली बहन' योजना की ई-केवायसी ने बढ़ाई अफरा-तफरी, सेतू केंद्रों पर महिलाओं की लंबी कतारें

**अकोला।** मुख्यमंत्री 'मेरी लाडली बहन' योजना की ई-केवायसी प्रक्रिया ने पातुर तहसील में जोरदार हलचल मचा दी है। दिवाली के बाद से ही सेतू केंद्रों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं, जहां कई महिलाओं को तीन से चार घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है।कई सेतू केंद्रों पर कंप्यूटर और नेटवर्क से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के कारण काम की गति बेहद धीमी हो गई है। आधार लिंकिंग, ओटीपी त्रुटि और पारिवारिक जानकारी में असंगति जैसी दिक्कतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे महिलाएं परेशान हैं। कई जगहों पर "ई-केवायसी न करने पर भी राशि मिल जाएगी" जैसी अफवाहें फैलने से नागरिकों में भ्रम की स्थिति बन गई है। कुछ लाभार्थियों को योजना की राशि मिल गई है, जबकि कुछ को नहीं, जिससे असंतोष भी देखा जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ई-केवायसी अनिवार्य है और इसे केवल अधिकृत पोर्टल या सेतू केंद्रों के माध्यम से ही किया जाए। पहले ई-केवायसी की अंतिम तिथि 30 नवंबर थी, लेकिन महिला एवं बाल कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसे घटाकर 18 नवंबर कर दिया गया। इस कारण से दिवाली के बाद से ही भीड़ अचानक बढ़ गई है। नागरिकों ने प्रशासन से केंद्रों पर अतिरिक्त सुविधा बढ़ाने की मांग की है। ई-केवायसी के लिए पति या पिता का आधार क्रमांक आवश्यक होने से विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## डॉ. प्रशांत सिनकर को मिला 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान 2025'

**मुंबई।** ठाणे के प्रख्यात पर्यावरणविद और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रशांत रवींद्र सिनकर को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए टीजीपी संस्थान द्वारा "राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान 2025" से सम्मानित किया गया है। पिछले ढाई दशकों से डॉ. सिनकर पर्यावरण पत्रकारिता के माध्यम से जल संरक्षण, वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। उनके सार्थक लेखन और जनजागरूकता अभियानों से ठाणे समेत महाराष्ट्र में नागरिकों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है। जनभागीदारी से जल संरक्षण, वृक्ष संरक्षण और अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसी कई पहलें साकार हुई हैं।डॉ. सिनकर ने कई बार राज्य सरकार और पर्यावरण मंत्रालय को ठाणे–मुंबई क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर पत्र लिखे हैं। उन्होंने गणेशोत्सव के दौरान बनाए जाने वाले कृत्रिम तालाबों से फैल रही गंदगी और प्रदूषण पर चिंता जताई थी। दीपावली व अन्य पर्वों पर पेड़ों पर बिजली की लाइटें लगाने का भी उन्होंने विरोध किया, यह कहते हुए कि इससे पेड़ों को नुकसान पहुंचता है और उनका प्राकृतिक जीवन चक्र बाधित होता है। इसके अलावा उन्होंने वर्षा जल संरक्षण हेतु छोटे-छोटे बांध और जल संचयन संरचनाएं बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि भूजल स्तर बढ़े और गर्मी के मौसम में जल संकट से राहत मिल सके।

# सालबर्डी में भीषण सड़क हादसा: अस्थि विसर्जन के लिए जा रहा वाहन पलटा, 20 घायल, 16 की हालत गंभीर

डीबीडी संवाददाता | अमरावती

मोर्शी तहसील के सालबर्डी क्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें यात्रियों से भरा एक चारपहिया वाहन पलट गया। हादसे में 20 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 16 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह वाहन पुसदा निवासी उषाताई राउत की अस्थियों के विसर्जन के लिए सालबर्डी जा रहे परिजनों और रिश्तेदारों का था।

### मोड़ पर चालक का नियंत्रण खोने से पलटा वाहन

जानकारी के अनुसार, वाहन (क्र. एमएच-14 एझेड-5239) सालबर्डी के पास एक मोड़ से गुजर रहा था, तभी चालक सलमान खान याकूब खान (28) ने नियंत्रण खो दिया। वाहन सड़क किनारे पलट गया, जिससे सभी यात्री घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कुछ यात्री सड़क पर जा गिरे।

### घायलों की सूची

घायलों में दिवाकर राउत (50), सुनील खंडारे (30), राहुल विजय राउत (27), दिलीप धानोरकर (35), महेश सुधाकर राउत (30), प्रथमेश पंकज राउत (10), विजय चंपकराव राउत (55), सलमान खान याकूब खान (28), संतोष बापूराव राउत (42), रामराव पंजाब राउत (40), अनिकेत शाम राउत (16), नरेंद्र सकारामजी गजबे (67) और पंकज राउत (40) शामिल हैं। सभी पुसदा और वलगांव निवासी हैं।



### ग्रामीणों ने उठाई सुरक्षा की मांग

इस हादसे से पूरे क्षेत्र में दहशत और दुख का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटना स्थल वाले मोड़ पर चेतावनी संकेत लगाए जाएं और सड़क की मरम्मत जल्द कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### स्थानीय लोगों ने की त्वरित मदद

घटना के बाद स्थानीय नागरिक तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर मोर्शी उपजिला अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायलों को आगे के इलाज के लिए अमरावती जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर जांच शुरू कर दी है।

# पति की हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी बरी

### ठाणे कोर्ट ने कहा – अवैध संबंध थे, लेकिन सबूत नहीं मिले

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे की एक अदालत ने 2018 में पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पत्नी प्रिया नाइक और उसके प्रेमी महेश कराले को बरी कर दिया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.बी. अग्रवाल ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष पारिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर आरोप साबित करने में विफल रहा।



### अवैध संबंधों के शक से शुरू हुई जांच

अभियोजन के अनुसार, दोनों के बीच विवाहेतर संबंध थे और इसी वजह से 28 दिसंबर, 2018 को ठाणे में गोपी किशन नाइक की हत्या की गई। पुलिस का आरोप था कि पहले मृतक को बेहोश करने वाला पदार्थ दिया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। बाद में सबूत मिटाने की भी कोशिश की गई।

### गंभीर धाराओं में दर्ज था मामला

आरोपी प्रिया गोपी नाइक (34) और महेश गोविंद कराले (32) पर हत्या, आपराधिक षड्यंत्र, बेहोश करने वाला पदार्थ देने और सबूत मिटाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि दोनों ने मिलकर प्रिया के पति गोपी किशन नाइक की हत्या की थी।

### दुर्घटना बताकर किया गुमराह करने का प्रयास

हत्या के बाद प्रिया नाइक ने सिविल अस्पताल को फोन कर बताया कि उसके पति का वाघबिल सुरंग में एक्सीडेंट हुआ है। उसने गोपी को अस्पताल में भर्ती कराया और फिर वहां से चली गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि गोपी की मौत किसी दुर्घटना से नहीं, बल्कि सिर पर कुंद हथियार से वार और गला घोंटने से हुई थी। इसी आधार पर प्रिया और महेश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश एस.बी. अग्रवाल ने कहा कि अभियोजन पक्ष का पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित था। उन्होंने कहा कि हालांकि यह साबित हुआ कि दोनों के बीच अवैध संबंध थे और उनका व्यवहार घटना के बाद संदिग्ध था, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था यह साबित करने के लिए कि हत्या उन्होंने ही की थी।

## कुबड़ेपन' पर सियासी तंज: पार्थ पवार जमीन घोटाले पर बोले रोहित पवार

**पुणे।** महार वतन जमीन खरीद मामले में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर लगे आरोपों के बीच अब एनसीपी (शरद पवार गुट) नेता रोहित पवार ने चुप्पी तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने भी अवैध तरीके से काम किया है, तो कार्रवाई जरूर होनी चाहिए -चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में। रोहित पवार ने यह प्रतिक्रिया तब दी जब महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री और शिवसेना (शिंदे गुट) नेता संजय शिरसाट ने उन पर तंज कसते हुए कहा था कि "क्या मेरा तोता अब बहरा हो गया है?" इस पर रोहित ने जवाब दिया कि वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और इसी वजह से सोशल मीडिया और सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर थे। उन्होंने कहा, "मैं किसी की टिप्पणी का जवाब जल्दबाजी में नहीं देना चाहता था, इसलिए पहले पूरे मामले को समझना जरूरी था।" पुणे के महार वतन ज़मीन खरीद मामले पर बोलते हुए रोहित पवार ने कहा, "अगर कोई भी व्यक्ति-चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो-कानून के खिलाफ काम करता है, तो कार्रवाई होनी ही चाहिए। जनता को यह भी पता चलना चाहिए कि सच क्या है और झूठ क्या।" उन्होंने अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जांच में यह सामने आना चाहिए कि कुछ अफसर विशेष लोगों के लिए ही क्यों काम कर रहे हैं।

# कांग्रेस से नाराज राकां (एसपी) ने थर्ड फ्रंट की तैयारी तेज की समविचारी दलों संग मिलकर उतरेगी मैदान में

डीबीडी संवाददाता | नागपुर

आगामी 2 दिसंबर को होने वाले नगर परिषद और नगर पालिका चुनावों से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में नया समीकरण उभरने लगा है। महा विकास आघाड़ी (मविआ) के घटक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने अब कांग्रेस से अलग रास्ता चुन लिया है। कांग्रेस के सहयोग पर ठंडे रुख से नाराज इन दलों ने समविचारी पार्टियों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर "थर्ड फ्रंट" बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### तीसरे मोर्चे की घोषणा जल्द

राकां (एसपी) के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुंटे ने बताया कि रविवार को कांग्रेस को छोड़कर अन्य समविचारी दलों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर पंचायत, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव गठबंधन में लड़ने पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि "अगले दो से तीन दिनों में तीसरे मोर्चे की औपचारिक घोषणा की जाएगी।"बैठक में चुनाव प्रभारी सलिल देशमुख, शिवसेना (यूबीटी) जिला प्रमुख उत्तम कापसे, आम आदमी पार्टी के सोनू फटिंग, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी के प्रशील कोडापे, रजत नेहरा, भीम आर्मी के अंकित राऊत, और भाकपा के गजानन घोडे सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी ने गठबंधन के जरिए मजबूत विकल्प पेश करने की बात कही। राकां (एसपी) नेताओं का कहना है कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर कोई पहल नहीं कर रही है और स्थानीय स्तर पर 'एकला चलो' की नीति अपना रही है। पिछली बार जिला परिषद चुनाव में भी गठबंधन के बावजूद कांग्रेस ने कई सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राकां को नुकसान पहुंचाया था।

# भिवंडी में पहली बार दलित-मुस्लिम एकता परिषद का भव्य आयोजन

## रिपब्लिकन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंदराज आंबेडकर के आदेशानुसार कार्यक्रम सम्पन्न

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

महाराष्ट्र में पहली बार भिवंडी शहर में दलित-मुस्लिम एकता परिषद का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रिपब्लिकन सेना भिवंडी शहर जिला अध्यक्ष बालासाहेब ओव्हाळ की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंदराज आंबेडकर के आदेशानुसार आयोजित किया गया। भिवंडी के वांजार पट्टी नाका स्थित ग्रीन पार्क मॅरेज हॉल में आयोजित इस परिषद में जहां बड़ी संख्या में दलित और मुस्लिम समाज के महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वही शहर के कई



अन्य दलों से इम्तियाज पप्पू सिद्दीकी और मुस्तकीम मूसा शेख ने पार्टी में जाहिर प्रवेश किया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक आनंदराज आंबेडकर के साथ मंच पर प्रमुख अतिथियों के रूप में रिपब्लिकन सेना के वसंत कांबळे, मुजीब भाई पठाण, जगन्नाथ बावा, रामभाव तायडे, महबूब कासीम शेख, एड. चंद्रकांत आरकडे, मोहम्मद अयुब खान, वंदना ठाकरे, प्रेम बच्चुटे, आबासाहेब चासकर, अलकाताई जगताप तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज की तरक़्क़ी और अन्याय के ख़िलाफ़ लड़ाई में दलित और मुस्लिम समाज को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। परिषद का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, समानता और एकता के संदेश को मज़बूती से स्थापित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में भिवंडी से संघर्ष हनवते, नरेंद्र चिंताळो, याकूब बंडापेल्ली, सुरेकांत गाडे, उस्मान खान, निसार खान ने अनथक मेहनत की। कार्यक्रम के अंत में सभी समाजबंधुओं ने संविधान के मूल्यों पर चलते हुए भाईचारे और इंसाफ़ की राह पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# भिवंडी में हद्दपार आदेश की अवहेलना

## शांतिनगर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शांतिनगर पुलिस ने पुलिस आयुक्त द्वारा जारी हद्दपार आदेश की अवहेलना करने पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी आदेश के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी सुफियान उर्फ बुश्रा बदरे आलम अंसारी (22) निवासी-रूम नं. 2, पहली मंजिल, अमन मंगल बिल्डिंग, हासन बाबा बिल्डिंग, के.जी.एन. चौक, शांतिनगर, भिवंडी-को ठाणे शहर के




पुलिस आयुक्त द्वारा 3 दिसंबर 2024 से दो वर्ष की अवधि के लिए भिवंडी, ठाणे, मुंबई उपनगर तथा रायगढ़ जिलों की सीमा से हद्दपार किया गया था। इसके बावजूद, आरोपी 8 नवम्बर 2025 की रात करीब 8:30 बजे भिवंडी के सागर प्लाज़ा होटल, सुमार, नायगांव क्षेत्र में मौजूद पाया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई हद्दपार आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है। शांतिनगर पुलिस थाने में इस संबंध में गु.क्र. 457/2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 142 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक पुलिस निरीक्षक शहाबुद्दीन सय्यद के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस आरोपी की गतिविधियों पर नज़र बनाए हुए है और आगे की जांच जारी है।

# फिल्म दृश्यम की तर्ज पर पत्नी की हत्या करने वाला व्यापारी पति गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में फिल्म दृश्यम की तर्ज पर अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गहन छानबीन वारजे मालवाड़ी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस मामले में आरोपित की पहचान समीर पंजाबराव जाधव के रुप में की गई है। समीर एक व्यवसायी है और फैब्रिकेशन का काम करता है। शिवने इलाके में उसका एक गैराज है। उसकी मृत पत्नी अंजलि एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। समीर को अंजलि के चरित्र पर शक था। वह अक्सर मोबाइल चैटिंग के जरिए उस पर अनैतिक संबंध रखने का आरोप लगाता था। समीर ने फिल्म दृश्यम और अन्य क्राइम थ्रिलर, चित्र और कंदबरा से प्रेरणा लेकर अपनी पत्नी की हत्या की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि इसी योजना के तहत समीर ने अपनी पत्नी को 26 अक्टूबर को घुमाने के बहाने घर से बाहर ले गया। इसके समीर ने अपनी पत्नी को मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर शिंदेवाड़ी इलाके में गोगलवाड़ी फाटा के एक गोदाम में ले गया। गोदाम में समीर ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। उसके बाद, उसने उसके शरीर को लोहे की भट्टी में जला दिया और राख खेतों में छिडक़ दिया। समीर ने लोहे की भट्टी को भी कबाड़ में बेच दिया। इसके बाद समीर ने पुलिस स्टेशन में जाकर अपनी पत्नी की गुमसुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत दर्ज कराने के बाद समीर पुलिस को अपनी पत्नी को ढूंढने के लिए दबाव बनाने लगा और बार -बार अलग -अलग बयान देने लगा। इसके बाद पुलिस को समीर पर शक हुआ और पुलिस ने 26 अक्टूबर का सीसीटीवी खंगालना शुरु किया।

# दिव्यांग यात्रियों को मेट्रो यात्रा में पूर्ण छूट देने की मांग

### पत्रकार दीपक कैतके की मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से अपील

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य में एसटी महामंडल के तहत महिला यात्रियों को बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि सरकार द्वारा महामंडल को अनुदान के रूप में दी जाती है। इसी तर्ज पर दिव्यांग यात्रियों को भी मेट्रो यात्रा में पूर्ण छूट दी जानी चाहिए, ऐसी मांग वरिष्ठ पत्रकार और 'पत्रकार रुग्णमित्र' के रूप में प्रसिद्ध दीपक कैतके ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार तथा मुंबई मेट्रो प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि यह कदम सामाजिक समानता और




मानवीय संवेदना के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। कैतके ने अपने निवेदन में उल्लेख किया है कि मुंबई मेट्रो के कई स्टेशनों और ट्रेनों में अभी दिव्यांग अनुकूल सुविधाएं पूरी तरह से उपलब्ध नहीं हैं। कई बार दिव्यांग यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी सहायक व्यक्ति की मदद लेनी पड़ती है। इससे उनके लिए यात्रा न केवल कठिन बल्कि महंगी भी हो जाती है। इस अतिरिक्त परेशानी को देखते हुए सरकार को दिव्यांग यात्रियों को मेट्रो यात्रा में पूर्ण छूट देने का निर्णय लेना चाहिए। उनका कहना है कि यह कदम केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि सामाजिक समावेशन और मानवता का प्रतीक होगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिस प्रकार महिला यात्रियों को दी जाने वाली रियायत के लिए सरकार एसटी महामंडल को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, उसी प्रकार मेट्रो प्रशासन को भी दिव्यांग यात्रियों की यात्रा लागत का सरकारी प्रतिपूर्ति के रूप में भुगतान किया जा सकता है। इससे न तो मेट्रो निगम पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और न ही दिव्यांगों को यात्रा में कठिनाई होगी। कैतके का मानना है कि यह पहल दिव्यांगों के सम्मानजनक जीवन और स्वतंत्र आवागमन के अधिकार को और सशक्त बनाएगी। गौरतलब है कि दीपक कैतके लंबे समय से दिव्यांग व्यक्तियों के हित में आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने पहले भी विभिन्न सरकारी स्तरों पर दिव्यांगों के लिए स्वास्थ्य, परिवहन और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार की मांग की है। अब उनके इस नए प्रस्ताव को सामाजिक संगठनों और नागरिक वर्गों से व्यापक समर्थन मिल रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि सरकार को इस विषय पर तुरंत सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए ताकि दिव्यांग यात्रियों को यात्रा में राहत मिल सके और उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जोड़ा जा सके।

# 'वसंत स्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2025' का ठाणे में भव्य आयोजन

### कोंकण क्षेत्र के 100 से अधिक शिक्षकों और संस्थानों को मिला सम्मान

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

भाजपा कोंकण शिक्षक आघाड़ी और स्व. वसंतराव डावखरे स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित 'वसंत स्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2025' का वितरण समारोह ठाणे में बड़े उत्साह और सम्मान के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे की संकल्पना पर आधारित था। इस वर्ष ठाणे जिले और कोंकण क्षेत्र के 100 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षकों, 10 शैक्षणिक संस्थानों और 25 गैर-शिक्षण कर्मचारियों को शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह एम.डी. एच. स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया, जहां शिक्षकों को पट्टिका, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

### शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता : निरंजन डावखरे

इस अवसर पर विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे ने कहा — "शिक्षक समाज के सच्चे निर्माता होते हैं। स्व. वसंतराव डावखरे ने जिन आदर्शों और मूल्यों पर सामाजिक कार्य किया, उन्हीं मूल्यों को शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना प्रत्येक शिक्षक का महान कार्य है। 'वसंत स्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार' के माध्यम से हम इसी कार्य का सम्मान कर रहे हैं।"




### गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में ठाणे शहर के विधायक संजय केलकर, पूर्व राज्यसभा सांसद विनय सहस्रबुद्धे, विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे, तथा ठाणे–पालघर मथाडी जनरल कामगार संघ के जिला अध्यक्ष संजय वाघुले सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शिक्षकों को प्रेरित करने वाली परंपरा

फाउंडेशन और शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया। उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर कहा कि 'वसंत स्मृति आदर्श शिक्षक पुरस्कार' न केवल एक गौरवशाली परंपरा है, बल्कि यह उन शिक्षकों को प्रेरणा देने वाला उत्सव भी है जो निस्वार्थ भाव से समाज और शिक्षा के उत्थान में योगदान दे रहे हैं।

# मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स पर कसा शिकंजा

## कई संपत्तियां होंगी नीलाम, मुंबई की PMLA कोर्ट ने दिया आदेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई की PMLA कोर्ट ने 23,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले के केंद्र में रही कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड और इसके भगोड़े मालिक मेहुल चोकसी पर बड़ी कार्रवाई की है। कोर्ट ने चोकसी से जुड़ी 13 असुरक्षित संपत्तियों के मूल्यांकन और नीलामी की अनुमति दे दी है।

इन संपत्तियों में बोरीवली के चार आवासीय फ्लैट, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भारत डायमंड बोर्स का दफ्तर, गोरेगांव पूर्व में विरवानी औद्योगिक एस्टेट की चार औद्योगिक इकाइयां, और जयपुर एसईजेड में स्थित चांदी की ईंटें, अर्ध-कीमती पत्थर व आभूषण बनाने की मशीनें शामिल हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि बिक्री से प्राप्त राशि को मनी लॉन्ड्रिंग मामले के समाप्त होने तक न्यायालय के नाम से फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में सुरक्षित रखा जाए।

### चोकसी घोषित है भगोड़ा आर्थिक अपराधी




4 नवंबर को विशेष न्यायाधीश ए.वी. गुजराती ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (NCLT) द्वारा नियुक्त परिसमापक शांतनु रे की अर्जी स्वीकार कर ली।गीतांजलि जेम्स, 13,000 करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की जांच के दायरे में रही है, जिसमें मेहुल चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जा चुका है।


शांतनु रे ने ईडी द्वारा कुर्क की गई असुरक्षित संपत्तियों की बिक्री की अनुमति मांगी थी, जिस पर एजेंसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई।

### केवल असुरक्षित संपत्तियों की होगी नीलामी

कोर्ट ने अपने फैसले में साफ किया है कि सिर्फ उन्हीं संपत्तियों की नीलामी होगी, जिन पर किसी सुरक्षित लेनदार का दावा नहीं है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि ईडी द्वारा की गई संपत्ति कुर्की बरकरार रहेगी, और संपत्ति की आय व स्वामित्व पर अंतिम निर्णय मुकदमे के बाद ही किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि खर्चों की कटौती के बाद प्राप्त राशि को आईसीआईसीआई बैंक में न्यायालय के नाम पर एफडी के रूप में जमा किया जाएगा। यह धनराशि पीएमएलए की धारा 8(7) और 8(8) के तहत न्यायिक हिरासत में रहेगी। यह आदेश मनी लॉन्ड्रिंग केस और परिसमापन प्रक्रिया दोनों को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इससे बंद हो चुके गीतांजलि समूह की कुछ संपत्तियों का मुद्रीकरण संभव हो सकेगा।

# शिवसेना (यूबीटी) के स्टार प्रचारकों की सूची घोषित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र के निकाय चुनावों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री व शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे, विधायक आदित्य ठाकरे, संजय राऊत, भास्कर जाधव, सुषमा अंधारे सहित 40 नेताओं का नाम शामिल है।

इन स्टार प्रचारकों पर निकाय चुनावों में राज्यभर में प्रचार अभियान का जिम्मा होगा। इनके नेतृत्व में पार्टी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जिलेवार बैठकें, रैलियां और सार्वजनिक प्रचार अभियान चलाए जाएंगे। संगठन को मजबूत बनाने के लिए उद्धव ठाकरे नई ऊर्जा के साथ राज्यव्यापी दौरा कर रहे हैं। वहीं आदित्य ठाकरे राज्य भर में युवाओं को एकजुट करने की कमान संभाल रहे हैं।

### शिवसेना (यूबीटी) के स्टार प्रचारकों की टीम

उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, सुभाष देसाई, अनंत गीते, चंद्रकांत खैरे, अरविंद सावंत, संजय राऊत, सुषमा अंधारे, अनिल देसाई, विनायक राऊत, अनिल परब, राजन विचारे, सुनील प्रभू. आदेश बांदेकर, अंबादास दानवे, भास्कर जाधव, रविंद्र मिर्लेकर, विशाखा राऊत, नितीन बनूगडे पाटिल, राजकुमार बाफना, प्रियंका चतुर्वेदी, सचिन अहिर, मनोज जामसुतकर. संजय (बंडू) जाधव, किशोरी पेडणेकर. ज्योति ठाकरे,शीतल शेठ-देवरूखकर,जान्हवी सावंत,शरद कोली, ओमराजे निंबालकर, सुनील शिंदे, वैभव नाईक, नितीन देशमुख, आनंद दुबे, किरण माने, अशोक तिवारी, प्रियंका जोशी, सचिन साठे और लक्ष्मण वाडले।

# महाराष्ट्र बॉक्सिंग एसोसिएशन चुनाव में प्रवीण दरेकर की जीत

## सभी 29 पदों पर उनके पैनल का कब्जा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा नेता और विधायक प्रवीण दरेकर ने बहुमत से जीत दर्ज की है। दरेकर और जय कवळी के पैनल के सभी 29 उम्मीदवार विजयी हुए हैं। यह चुनाव रविवार को मुंबई के वरली स्थित धर्मादाय आयुक्त कार्यालय में संपन्न हुआ।

महाराष्ट्र बॉक्सिंग संघ की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया 9 नवंबर 2025 को पूरी हुई। मतदान सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसकी देखरेख धर्मादाय आयुक्त और चुनाव अधिकारी ने की। इस दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सचिव, प्रबंधकीय सदस्य और विभागीय सचिव जैसे प्रमुख पदों के लिए मतदान हुआ।



### कोषाध्यक्ष पद पर मनोज पिंगळे निर्विरोध विजयी

नासिक के एडवोकेट मनोज पिंगळे कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए।विभागीय सचिव की आठ सीटों में से छह पर निर्विरोध जीत दर्ज की गई, जिनमें नाशिक के मयूर बोरसे, कोल्हापुर के मंगेश कराळे, लातूर के संपत साळुंखे, छत्रपति संभाजीनगर के अरुण भोसले, पुणे के विजयकुमार यादव और अमरावती के विजय गोटे शामिल हैं।अध्यक्ष पद को लेकर राज्य के खेल जगत की निगाहें इस चुनाव पर टिकी थीं। प्रवीण दरेकर और रणजीत सावरकर के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसमें दरेकर ने बढ़त बनाई।

### उपाध्यक्ष पद पर 23 उम्मीदवारों में प्रतिस्पर्धा

उपाध्यक्ष पद के लिए 23 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ। इनमें पंकज भारसाखळे, मुन्ना कुरणे, मिलिंद साळुंके, तुषार रंधे, अविनाश बागवे, संग्राम गावंडे, गौतम चाबुकस्वार, गौरव चांडक, राजेश देसाई, शेख गफ्फार अकबर, वैभव वनकर, संतोष आंबेकर, विक्रांत खेडकर, नील पाटील, शाहुराज बिराजदार, अरुण बुटे, जयप्रकाश दुबळे, अमर भंडारवार, नीलम पाटील, गोपाल देवांग, राजाराम दळवी और विजय सोनावणे शामिल थे। नई कार्यकारिणी के सामने राज्य में बॉक्सिंग खेल के विकास, प्रतियोगिताओं के आयोजन, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं देने, और जिला व राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी बढ़ाने की चुनौती होगी। खेल जगत की निगाह अब इस बात पर है कि प्रवीण दरेकर की अगुवाई में संघ राज्य में बॉक्सिंग को नई दिशा दे पाएगा या नहीं ।

# उत्कृष्ट जनसंपर्क के लिए महापारेषण को वैश्विक सम्मान

## 28 जनवरी को इटली में होगा पुरस्कार वितरण समारोह

दीपक पवार | मुंबई



महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण) ने सामाजिक उत्तरदायित्व और प्रभावी जनसंपर्क के क्षेत्र में एक नया आदर्श स्थापित किया है। वर्ल्ड इनोवेशन एंड चेंज मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट की ओर से महापारेषण को पीआरओ पीआर ग्लोब सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कम्युनिकेशन अचीवमेंट अवार्ड्स-2025र्के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार 28 जनवरी 2026 को रोम (इटली) में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'PRO PR Roman Forum' में प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष छह महाद्वीपों के कुल 76 अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों ने विभिन्न संस्थाओं के संवाद, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसंपर्क परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। इसमें महापारेषण को ''सामाजिक उत्तरदायित्व संचार उपलब्धि' श्रेणी में विश्व की शीर्ष तीन संस्थाओं में स्थान प्राप्त हुआ है। इस पुरस्कार की सबसे खास बात यह है कि इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता। यह कार्यक्रम क्रोएशिया की अप्रियोरी वर्ल्ड एजेंसी द्वारा पिछले 14 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस एजेंसी को चार प्रमुख वैश्विक जनसंपर्क संगठनों — पीआरसीए (पब्लिक रिलेशंस एंड कम्युनिकेशंस एसोसिएशन), आईपीआरए (इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशंस एसोसिएशन), सीआईपीआर (चार्टर्ड इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक रिलेशंस) और आईसीसीओ (इंटरनेशनल कम्युनिकेशंस कंसल्टेंसी ऑर्गनाइजेशन) का सहयोग प्राप्त है।

इस पुरस्कार का उद्देश्य सामाजिक, पर्यावरणीय और संवाद के क्षेत्र में किए जा रहे सकारात्मक, पारदर्शी और नवोन्मेषी कार्यों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। महापारेषण के इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से महाराष्ट्र के सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद, सामाजिक जिम्मेदारी और प्रभावी जनसंपर्क की वैश्विक स्तर पर सराहना हुई है। यह पुरस्कार कंपनी के नवाचार दृष्टिकोण और टीमवर्क का प्रतीक है।


### मुख्य बिंदु

- जनसंपर्क के नवोन्मेषी प्रोजेक्ट्स को मिला वैश्विक सम्मान
- 76 अंतरराष्ट्रीय निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया
- 28 जनवरी 2026 को रोम में होगा सम्मान समारोह
- चार वैश्विक जनसंपर्क संस्थाओं का सहयोग

### जनसंपर्क विभाग अग्रणी भूमिका में : डॉ. संजीव कुमार

महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार ने इस सफलता का पूरा श्रेय जनसंपर्क विभाग और उनकी टीम को दिया है। उन्होंने कहा कि सृजनात्मक और नवोन्मेषी कार्यशैली के साथ-साथ मीडिया में होने वाले बदलावों को समझते हुए जनसंपर्क विभाग ने अपने कार्यों में विविधता और सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग करते हुए विभाग निरंतर नए और रचनात्मक उपक्रम चला रहा है।

# अंधेरी में होंडा शोरूम में आग लगने से कई गाड़ियां जलकर राख




**मुंबई।** महाराष्ट्र के अंधेरी में चांदिवली फार्म रोड पर स्थित एक होंडा शोरूम में रविवार को तडक़े अचानक आग लग जाने से कई गाड़ियां जलकर राख हो गईं। इस घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सुबह तक आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

बंबई नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अधिकारी ने रविवार को बताया कि आज तडक़ी अंधेरी में कमानी ऑयल गेट के सामने, चांदीवली फार्म रोड पर स्थित होंडा शोरूम में आग लग गई थी। इसकी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और सुबह तक आग पर काबू पा लिया। जब शो रुम में आग लगी थी, उस समय शो रुम में कोई नहीं थी, जिससे इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर कुलिंग का काम कर रहे हैं।

# उद्धव ठाकरे के घर के ऊपर मंडराया ड्रोन

## शिवसेना (उद्धव गुट) ने जताई सुरक्षा चूक की आशंका

## पुलिस ने कहा– एमएमआरडीए सर्वे का हिस्सा था ड्रोन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता और विधान परिषद सदस्य अनिल परब ने रविवार को दावा किया कि पार्टी प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बांद्रा स्थित आवास 'मातोश्री' के ऊपर एक ड्रोन मंडराता हुआ देखा गया।

परब ने इसे एक संभावित सुरक्षा चूक बताया और ड्रोन उड़ाने के पीछे के मकसद की जांच की मांग की।



### जांच की मांग बरकरार

भले ही पुलिस ने इसे सर्वे ड्रोन बताया हो, लेकिन शिवसेना (उबाठा) नेता अब भी इस घटना की विस्तृत जांच की मांग पर अड़े हैं। उनका कहना है कि "जनता के मन में उठे सवालों का समाधान जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।"

### उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में ड्रोन उड़ने पर सवाल

अनिल परब ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि 'मातोश्री' जैसे उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने लिखा, "यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है। पुलिस को ड्रोन ऑपरेटर की पहचान करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि क्या इसके पीछे कोई आतंकी या अन्य उद्देश्य था।"

### पुलिस ने दी सफाई: एमएमआरडीए सर्वे का ड्रोन था

इस दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस उपायुक्त (जोन 8) मनीष कालवानिया ने बताया कि जो ड्रोन देखा गया, वह मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की अनुमति से बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) क्षेत्र में किए जा रहे एक सर्वेक्षण कार्य का हिस्सा था। उन्होंने कहा, "कृपया गलत जानकारी से बचें। ड्रोन किसी अवैध गतिविधि के लिए नहीं उड़ाया गया था।" गौरतलब है कि हाल ही में उद्धव ठाकरे ने मराठवाड़ा क्षेत्र का दौरा किया था, जहां उन्होंने बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों से मुलाकात की थी। उन्होंने राज्य की महा यूति सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि राहत पैकेज अपर्याप्त है और किसानों को 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा तथा पूर्ण कृषि ऋण माफी दी जानी चाहिए।

# कोलंबिया की टीम दूर करेगी वोटर लिस्ट की गड़बड़ी



**मुंबई।** वोट चोरी और मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर विवाद गहराया हुआ है। इस बीच निकाय चुनावों को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने नई पहल की है। इसके लिए कोलंबिया पैटर्न की मदद ली जाएगी। कोलंबिया के विशेषज्ञों की टीम मुंबई आकर मार्गदर्शन करेगी।

महाराष्ट्र सहित पूरे देश की राजनीति में वोट चोरी का मुद्दा छाया हुआ है। महाराष्ट्र के निकाय चुनावों को लेकर मामला बेदल गरम है। विपक्ष राज्य सरकार और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहा है। पूछा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या कैसे बढ़ी? इसे लेकर राज्य सरकार और चुनाव आयोग सकते में है। अब राज्य सरकार डुप्लीकेट मतदाताओं और मतदाता सूची में गड़बड़ी की समस्या का समाधान खोजने के लिए कोलंबिया पैटर्न का अध्ययन करने जा रही है। राज्य में वोटर लिस्ट का भ्रम दूर करने के लिए कोलंबिया की तकनीक का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। डुप्लीकेट मतदाताओं का पता लगाने और उनके नाम कम करने या ठीक करने की कार्रवाई की जा रही है।

कोलंबिया सरकार ने जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड को मतदाता सूची से जोड़ दिया है। इससे 18 वर्ष की आयु पूरी करते ही युवाओं को मतदाता के रूप में पहचान पत्र मिल जाता है। इसके लिए कोई आवेदन नहीं करना पड़ता। किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका नाम वोटर लिस्ट से खुद ही हट जाता है। इसलिए डुप्लीकेट वोटर की कोई गुंजाइश नहीं रहती। अधिकारियों का कहना है कि इस पद्धति का भारत में इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं, इसका परीक्षण चल रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम के हवाले से दावा किया गया है कि कोलंबिया की टीम मुंबई आने वाली है और राज्य के निर्वाचन अधिकारियों के साथ धारावी के कुछ हिस्सों का निरीक्षण करेगी।

मुंबई की पिता-पुत्री की अद्भुत उपलब्धि


# 25 दिन में 4200 किमी साइकिल चलाकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** हिम्मत, जज्बा और लगन अगर एक साथ हों तो नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। यही कहानी है मुंबई के चुनाभट्टी इलाके में रहने वाले प्रविण पाटील (47) और उनकी 12 वर्षीय बेटी सान्वी पाटील की, जिन्होंने अपने साहस और मेहनत से सबका दिल जीत लिया है। इस प्रेरणादायक जोड़ी ने मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से कश्मीर और फिर वापसी मुंबई तक, यानी कुल 4200 किलोमीटर की साइकिल यात्रा सिर्फ 25 दिनों में पूरी कर दी। यह कारनामा न केवल एक नया रिकॉर्ड है, बल्कि पिता-पुत्री के अटूट संबंध और अदम्य इच्छाशक्ति की मिसाल भी है। प्रविण पाटील मुंबई महानगरपालिका के सायन अस्पताल में कार्यरत हैं। साइकिलिंग उनका शौक ही नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा है-और यही जुनून अब उनकी



बेटी सान्वी ने भी अपनाया है। इससे पहले भी दोनों ने मुंबई से कन्याकुमारी तक की साइकिल यात्रा पूरी की थी, जिसकी उपलब्धि इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में दर्ज की जा चुकी है। उनकी इस असाधारण सफलता पर सुभाष मारुती अंकुश और सुबोध तांबे ने गेटवे ऑफ इंडिया जाकर दोनों का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यह उपलब्धि सिर्फ एक खेलीय सफलता नहीं, बल्कि यह संदेश है कि दृढ़ निश्चय और परिश्रम से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है।

# कर्नल के घर में चोरी कर चोरों ने मनाई गोवा में पार्टी



**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में आर्मी के कर्नल के घर में दिनदहाड़े घुसकर चोरी करने वाले गिराह का मुंबई पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने चोरी करने के बाद चांदी के गहने बेच दिए और गोवा में जाकर पार्टी मनाई। यह घटना एक नवंबर की है, जब कर्नल का परिवार बाहर गया हुआ था। परिवार के सदस्य जब घर लौटे तो उन्होंने पाया कि उनके घर में चोरी हुई है। घर से 480 ग्राम चांदी के गहने, रिवाल्वर और नौ राउंड गोलियां चोरी हुए थे। उन्होंने डिंडोशी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला रिवाल्वर से जुड़ा था, इसलिए पुलिस सकते में आ गई थी। जांच मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 12 को सौंप दी गई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने उन्हें ट्रैक किया और गिरफ्तार कर लिया है. इनमें एक आरोपी नाबालिग है। कोर्ट ने आरोपियों को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। आरोपियों के पास से रिवाल्वर बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 1 नवंबर को हुई थी। तीनों आरोपी आर्मी सेंट्रल ऑर्डनेंस डिपो (सीओडी) के अंदर एक फ्लैट में घुसे, जिसमें आवासीय क्वार्टर भी हैं।

# सुगम यातायात के लिए भूमिगत सड़क नेटवर्क की दिशा में बड़ा कदम

## 'मुंबई इन मिनट्स' विज़न को साकार करने की तैयारी में एमएमआरडीए

**मुंबई।** मुंबई महानगरीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'एकीकृत भूमिगत सड़क नेटवर्क' की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पहल मुंबई के परिवहन ढांचे में 'तृतीय प्रणाली'-यानी सतही सड़कों और मेट्रो के साथ एकीकृत भूमिगत यात्रा प्रणाली -के रूप में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

यह प्रस्तावित टनल नेटवर्क मुंबई कोस्टल रोड, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में हाई-स्पीड रेल स्टेशन (बुलेट ट्रेन) और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ते हुए एक उच्च क्षमता वाले भूमिगत गतिशीलता कॉरिडोर का निर्माण करेगा। इस प्रणाली से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (WEH) और एस.वी. रोड पर यातायात का दबाव घटेगा। टनल मार्गों के चालू होने पर सतही सड़कों से वाहनों का बड़ा हिस्सा भूमिगत मार्गों की ओर स्थानांतरित होगा, जिससे शहर का ट्रैफिक सुचारू होगा।




### तीन चरणों में होगा कार्यान्वयन

करीब 70 किलोमीटर लंबे इस नेटवर्क को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा -चरण I (16 किमी): वर्ली सी लिंक से बीकेसी होते हुए एयरपोर्ट लूप तक कनेक्टिविटी। चरण II (10 किमी): ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को जोड़ने वाला पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर। चरण III (44 किमी): उत्तर से दक्षिण मुंबई तक का सतत भूमिगत लिंक, जो यात्री और माल परिवहन दोनों का समर्थन करेगा।

एमएमआरडीए ने 30 सितंबर 2025 को पहले चरण के लिए टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी स्टडी और डीपीआर की तैयारी हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति को मंजूरी दी। निविदा प्रक्रिया अक्टूबर में शुरू हो चुकी है और नवंबर में इसके परिणाम घोषित होंगे।

### 'मुंबई इन मिनट्स' विज़न की दिशा में एक रणनीतिक पहल

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "यह परियोजना मुंबई को बहु-स्तरीय और निर्बाध कनेक्टिविटी की दिशा में अग्रसर करेगी। सड़क, मेट्रो, कोस्टल कॉरिडोर और अब टनल ग्रिड-ये सभी मिलकर मुंबई की यात्रा को तेज़, सुरक्षित और स्मार्ट बनाएंगे।"एमएमआरडीए अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसे "सतह के नीचे यात्रा के तृतीय माध्यम" के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि यह परियोजना 'मुंबई इन मिनट्स' के विज़न को साकार करेगी।

## संपादकीय

# बिना बीमा वाहनों पर सख्ती

सरकार का यह कदम स्वागतयोग्य है कि वह बिना बीमा वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए ठोस तैयारी कर रही है। अब एक इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो स्थापित किया जा रहा है, जिसमें देश के सभी वाहनों का डेटा एकत्रित होगा। इस ब्यूरो की मदद से यह पता लगाया जाएगा कि किन वाहनों का बीमा समाप्त हो चुका है या कराया ही नहीं गया है। ऐसे वाहन मालिकों को पहले चेतावनी संदेश भेजा जाएगा और चेतावनी की अनदेखी करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। यह व्यवस्था सुनने में बहुत कारगर लगती है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकार कितनी सख्ती से इसे लागू करती है। जब तक बीमा रहित वाहन चलाने वालों पर वास्तविक कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक इस योजना का असर सीमित ही रहेगा। आज की स्थिति यह है कि भारी संख्या में लोग बीमा खत्म होने के बाद भी वाहन चलाते रहते हैं, क्योंकि उन्हें भरोसा होता है कि पकड़े जाने पर या तो मामूली जुर्माना देकर बच जाएंगे या फिर थोड़ी बहुत ₹लेन-देन₹ से मामला निपट जाएगा। यह प्रवृत्ति केवल जनता की लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की ढिलाई और निगरानी की कमी का परिणाम भी है। सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार, देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन बिना बीमा के सड़कों पर चल रहे हैं, जो न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि आम जनता की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। जब ऐसे वाहन किसी सड़क दुर्घटना में शामिल होते हैं, तो नुकसान झेलने वाले व्यक्ति को मुआवजा मिलने में भारी मुश्किल आती है। वाहन मालिक खुद कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं और पीड़ित पक्ष को न्याय पाने में लंबा समय लग जाता है। देश में सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ता आंकड़ा पहले से ही चिंता का विषय है। बिना बीमा वाले वाहन इस समस्या को और विकराल बनाते हैं। बीमा का उद्देश्य केवल आर्थिक सुरक्षा देना नहीं होता, बल्कि यह एक सामाजिक दायित्व भी है, जिससे सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है।

असली समस्या केवल बीमा की नहीं है, बल्कि नियम-कानूनों के प्रति समाज की उदासीनता की है। भारत में ₹सब चलता है₹ वाला रवैया गहराई तक पैठा हुआ है। यही वजह है कि चाहे ट्रैफिक सिग्नल तोड़ना हो, सीट बेल्ट न लगाना हो या बीमा न कराना — नियमों का पालन करने की बजाय लोग उल्लंघन में ही सुविधा देखते हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए केवल कानून बनाना काफी नहीं होगा, बल्कि कार्यान्वयन की कठोरता भी जरूरी है। सड़क सुरक्षा के संदर्भ में देखा जाए तो आवश्यक है कि बीमा के साथ-साथ अकुशल चालकों, जर्जर वाहनों, खराब सड़कों और यातायात नियमों की अवहेलना जैसी जड़ों पर भी प्रहार किया जाए। जब तक इन सभी पहलुओं पर समान रूप से ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना कठिन रहेगा। सरकार समय-समय पर नए नियम लागू करती है या जुर्माने की राशि बढ़ाती है, लेकिन जब तक जवाबदेही तय नहीं की जाएगी और नियमों के पालन की सख्त व्यवस्था नहीं बनेगी, तब तक परिणाम ₹ढाक के तीन पात₹ जैसे ही रहेंगे। आवश्यकता इस बात की है कि कानून का डर वास्तविक हो, और यह संदेश जाए कि बीमा न कराना केवल प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि समाज के प्रति गैर-जिम्मेदारी है। अंततः, यदि सरकार इस नीति को सही मायने में लागू करने में सफल होती है तो न केवल सड़क सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि आम नागरिकों में भी नियम पालन की संस्कृति विकसित होगी — और वही किसी भी सभ्य समाज की पहचान होती है।

## शख्सियत | आशुतोष राणा

# अभिनय की जीवित पाठशाला



आशुतोष राणा केवल एक अभिनेता नहीं — वे अभिनय का ज्यादा गहन, ज्यादा जागरूक और ज्यादा परिपक्व नाम हैं जो आज भी हमारे बीच सक्रिय हैं। 10 नवंबर 1967 को मध्य प्रदेश के गाडरवारा में जन्मे आशुतोष रामनारायण नीखरा ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से औपचारिक प्रशिक्षण लेकर साधारण से जीवन को असाधारण कर दिया। उनकी यात्रा टेलीविजन के छोटे परदे से शुरू हुई, वहाँ से फिल्मों और फिर वेब–ओरिजिनल परियोजनाओं तक फैली—और हर मंच पर उनका उद्देश्य एक जैसा रहा: चरित्र की सच्चाई दिखाना।

उनकी शुरुआत धारावाहिकों जैसे 'स्वाभिमान', 'वारिस', 'फ़र्ज़' और 'साज़िश' से हुई, जहाँ उन्होंने अपने किरदारों को न सिर्फ़ बोले बल्कि जीया भी। टेलीविजन पर मिले अनुभव ने उन्हें मानव मन की बारीकियों और चरित्र रचना की जटिलताओं को समझने का मौका दिया — यही समझ बाद में उनकी फिल्मों में स्पष्ट रूप से दिखती है। फिल्मों में उनकी पहचान सबसे ज्यादा नकारात्मक (खलनायकी) भूमिकाओं के माध्यम से बनी, और 'दुश्मन' (1998) में गोकुल पंडित का किरदार लंबे समय तक दर्शकों के मानसपटल पर बना रहा। इस भूमिका ने उन्हें गंभीर आलोचनात्मक प्रशंसा और प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलाए, पर राणा ने कभी किसी एक प्रकार की भूमिकाओं पर खुद को सीमित नहीं किया। वो अभिनेता हैं जो किसी भी भाषा या फिल्म की शैली में सहजता से घुलमिल जाते हैं — हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में भी उन्होंने प्रभावशाली भूमिका निभाई है। उनकी फिल्मों की सूची में किस्मत, संघर्ष, मुल्क, धड़क, पठान जैसी विविध फिल्मों का समावेश है — हर फिल्म में उनके किरदारों का उद्देश्य कहानी को मजबूत करना और दर्शक के मन में सवाल छोड़ना रहा है। वे न सिर्फ़ बड़े परदे पर बल्कि वेब और OTT के प्लेटफॉर्म पर भी प्रासंगिक बने हुए हैं—उदाहरण के तौर पर 'पग्लाइट' के लिए उन्हें फिल्मफेयर OTT पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो दर्शाता है कि वे नए मीडियम में भी अपना प्रभाव बनाए रखने में सक्षम हैं। राणा का अभिनय विधा–विशेष नहीं, बल्कि चरित्र–विशेष होता है। वे किरदार के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को नाटकीयता के बिना प्रभावी रूप से उजागर करते हैं — उनकी आवाज़, शारीरिक भाषा और आँखों का काम अक्सर लंबे समय तक याद रहता है। चरित्र में उतरने के लिए वे शोध करते हैं, उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि समझते हैं और छोटी-छोटी आदतों तक का ख्याल रखते हैं — इसलिए उनका हर किरदार धरातल पर ठोस लगता है। इस वजह से ही उन्हें आलोचना और पुरसकार दोनों मिले हैं — फिल्मफेयर समेत कई मंचों से उनकी कला को मान्यता मिली। व्यक्तिगत जीवन में आशुतोष राणा एक साधारण, विचारशील और पढ़े–लिखे इंसान के रूप में जाने जाते हैं। वे लेखक भी हैं; उनकी किताबें और लेख उनके अंदर की सूक्ष्म दार्शनिकता और समाज–परक सोच को दर्शाते हैं। 'मौन मुस्कान की मार' और 'रामराज्य' जैसी रचनाएँ उनकी वैचारिक गहराई को उजागर करती हैं और यह बताती हैं कि अभिनय उनके लिए केवल पेशा नहीं, एक जीवनदृष्टि है। साथ ही वे सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और मंचों पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए नज़र आते हैं — ऐसे कलाकार कम ही मिलते हैं जो अभिनय और विचार दोनों में बराबर रुचि रखें। आज के मीडिया–परिदृश्य में, जहाँ शॉर्ट–फॉर्म कंटेंट और ग्लैमर ज्यादा बढ़ गया है, आशुतोष राणा की उपस्थिति यह याद दिलाती है कि सच्चा अभिनय समय की कसौटी पर खरा उतरता है। वे नई पीढ़ी के अभिनेताओं के लिए एक जीवंत पाठशाला हैं न सिर्फ़ तकनीक सिखाते हैं बल्कि अभिनय को एक गंभीर जिम्मेदारी और आत्मीय साधना के रूप में देखते हैं।



# जयोस्तुते

भाग-49



# सिंहावलोकन

***सरसंघचालक प्रो. राजेंद्र सिंह उपाख्य रज्जू भैय्या स्वभाव से अत्यंत सौम्य और मृदुभाषी थे। जब वे वार्तालाप करते थे, तो उनके मुख से शब्द इस कोमलता से निकलते थे जैसे पुष्प से मधु टपकता हो। धर्म, हिंदू राष्ट्र, हिंदुत्व, अस्पृश्यता और जातिभेद, सत्ता, राजनीति, भारतीय मुस्लिम, अर्थव्यवस्था आदि अनेक विषयों पर उन्होंने समय-समय पर अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए हैं।***




-दो बजे दोपहर

### मूल लेख : अवधूत वाघ



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एवीबीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

संघ की भूमिका और धर्म के आपसी संबंध को स्पष्ट करते हुए रज्जू भैय्या कहते हैं कि 'संघ की यह भूमिका है कि समाज में अपने प्राचीन नैतिक मूल्यों और समाज के गौरवशाली इतिहास को जागृत करके (स्वयंसेवक को) अपने जीवन के माध्यम से समाज के सामने सदाचार का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। चरित्र निर्माण धर्म के आधार पर ही होगा। धर्म इस देश का प्राण है। आज तक राजनीतिक दलों ने धर्म को नकारा है, इसी कारण आज की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। यदि हम धर्म का अनुकरण करें, तो नागरिक फिर से सदाचारी बन सकते हैं। कोयला और हीरे में ज्यादा फर्क नहीं है, फर्क उन दोनों की आंतरिक आण्विक संरचना में है।'



हिंदू राष्ट्र की संकल्पना स्पष्ट करते हुए चतुर्थ सरसंघचालक कहते हैं, ''संघ लोगों को जागृत करके इस देश की संपूर्ण स्थिति को बदलने के लिए कटिबद्ध है। मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना उत्पन्न करने का कार्य संघ निरंतर करता आया है। हमने ऐसा (बलशाली) भारत बनाने का संकल्प लिया है कि केवल हम ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व 'भारत माता की जय' कहे। आज कुछ लोग पूछते हैं कि क्या आप हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह राष्ट्र तो हजारों वर्षों से हिंदू राष्ट्र है। हमें हिंदू राष्ट्र बनाना नहीं है, न ही स्थापित करना है, न ही इसकी घोषणा करनी है, बल्कि हिंदू राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करना है।''

हिंदुत्व को भविष्य में सत्ता प्राप्ति का मार्ग बताते हुए यह दूरदर्शी विचारक कहते हैं, ''हिंदुत्व कोई पूजा पद्धति नहीं है। हिंदुत्व कोई संकुचित विचार नहीं है। जो लोग हिंदुत्व को संकुचित मानते हैं, उनकी बुद्धि पर कोई न कोई पर्दा पड़ा हुआ है। जिन्हें जातिवाद संकुचित नहीं लगता, जिन्हें सामाजिक न्याय के नाम पर लोगों को आपस में लड़वाने में कोई आपत्ति नहीं होती। आज हिंदुत्व ही राष्ट्र जागरण का केंद्रबिंदु बनता जा रहा है। (आगे चलकर) हिंदुत्व ही वैचारिक ध्रुवीकरण का मुख्य आधार बनेगा। जागरूक हिंदू समाज ही इस देश में हिंदुओं के हित की और हिंदुओं के चिरस्थायी मूल्यों की रक्षा करने वाले को सत्ता में लाएगा। लेकिन इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल सत्ता प्राप्ति से समाज का परिवर्तन नहीं होगा।'' अस्पृश्यता और जातिभेद पर कठोर प्रहार करते हुए ये समाजसुधारक कहते हैं, ''समाज में सभी को कुछ न कुछ काम करना पड़ता है, लेकिन (दुर्भाग्य से) जो सफाई का काम करते हैं, उन्हें हम अस्पृश्य मानने लगते हैं। हमारे घर में हमारी मां छोटे बच्चों की गंदगी साफ करती है, उल्टी साफ करती है, लेकिन फिर भी हमारे घर में सभी समान होते हैं, तो फिर समाज में सफाई का काम करने वाले अस्पृश्य कैसे हो सकते हैं? जो समाज हजारों वर्षों तक एक था, जिसने मुस्लिम आक्रमणकारियों और अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ाई लड़ी, वह समाज आज विखंडित है। हमारे यहां कई बार हरिजन समाज या वाल्मीकि समाज कहे जाने वाले लोग, वास्तव में हमारे समाज का बहुत महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। आज समाज में दलित वर्ग का विकास देवपूजा से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। भारत के प्राचीन इतिहास का अध्ययन करने से यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन काल में किसी व्यक्ति को जाति के आधार पर नहीं पहचाना जाता था, बल्कि उसकी पहचान उसके गुणों और योग्यता के आधार पर होती थी। हम कहां और किसके घर जन्म लें, यह किसी के हाथ में नहीं होता। अर्थात जाति किसी के हाथ में नहीं है, लेकिन गुणवान और योग्य बनना हमारे हाथ में है। वास्तव में भारतीय संस्कृति में जातिप्रथा को कोई महत्व नहीं दिया गया है। प्रत्येक मनुष्य एक ही ईश्वर का अंश है और हर एक में ईश्वर का अंश है। एकात्मता और परस्पर भाईचारे का यही संदेश हमारी संस्कृति देती आई है।''

राजनीति में जातीय शक्तियों पर करारा प्रहार करते हुए ये नरसिंह कहते हैं, ''कुछ सत्तालोलुप राजनेताओं ने जात-पात के आधार पर हिंदू समाज में झगड़े लगवाने की कोशिश की है। इन (समाज) विघातक शक्तियों को पराजित करने के लिए और हिंदुओं की एकता की रक्षा के लिए संपूर्ण हिंदू समाज में समरसता की भावना उत्पन्न करने की आवश्यकता है। पराधीनता के कालखंड में विदेशी शासकों ने समाज में फूट डालकर परस्पर द्वेष और शत्रुता की भावना उत्पन्न करने के लिए जातिप्रथा जैसी अनेक बुरी प्रथाओं को जन्म दिया। धीरे-धीरे ऐसी अनेक बुरी प्रथाएं समाप्त होती जा रही हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ राजनीतिज्ञ और नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवाद को पोषित कर समाज में फूट डालने का निम्न स्तर का राजनीति खेल रहे हैं। समाज को तोड़ने का यह खेल अब समाप्त होना चाहिए। हमें जातिवाद से ऊपर उठकर समाज की एकता के लिए प्रयास करने चाहिए।'' भारतीय मुसलमानों से आग्रह करते हुए और उन्हें आगाह करते हुए डॉक्टर प्रोफेसर राजेंद्र सिंह स्पष्ट शब्दों में कहते हैं, ''अयोध्या, मथुरा, काशी से मुसलमानों का कोई लेना-देना नहीं है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जब तक अयोध्या, मथुरा, काशी अपनी वर्तमान स्थिति में रहेंगे, तब तक हिंदू समाज के हृदय में मुसलमानों के प्रति कभी भी प्रेमभाव उत्पन्न नहीं होगा। संघ अल्पसंख्यकों के विरोध में नहीं है। मैं उन्हें सार्वजनिक रूप से आग्रह करता हूं कि वे राष्ट्रसेवा के लिए हमारा साथ दें। यदि मुसलमान हमारा साथ दें तो यह बहुत अच्छा होगा। यदि वे हमारे साथ नहीं भी आते हैं, तो भी चिंता की कोई बात नहीं है। यदि वे हमारे रास्ते में आएंगे, तब भी हम आगे बढ़ेंगे।'' अर्थव्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त करते हुए और वामपंथी तथा दक्षिणपंथी अर्थव्यवस्था दोनों को नकारते हुए स्वदेशी के ये समर्थक कहते हैं, ''हमें समाजवादी अर्थव्यवस्था और पश्चिमी अर्थव्यवस्था दोनों स्वीकार नहीं हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था और उसकी संरचना इन दोनों से बहुत भिन्न है। समाजवादी अर्थव्यवस्था और सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों पर अनावश्यक जोर देने के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान सहना पड़ा है। भारतीयों ने कभी स्वदेशी का तिरस्कार नहीं किया। स्वदेशी आंदोलन देशभक्ति का आंदोलन है।''

इसमें कोई संदेह नहीं है कि रज्जूभैया की वैचारिक संपदा आने वाले अनेक वर्षों तक समाज को समृद्ध करती रहेगी।

**क्रमशः**

### अनुसर्जन : श्वेता शालिनी



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हीनभावना-आत्मविनाश से आत्मोन्नति तक का मार्ग

भावनाएँ मानव जीवन की आत्मा हैं। वे हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और चिंतन को दिशा प्रदान करती हैं। संसार में कोई भी प्राणी ऐसा नहीं है जिसमें भावनाएँ न हों, परंतु भावनाओं को व्यक्त करने की क्षमता केवल मनुष्य में विकसित रूप में दिखाई देती है। मनुष्य का संपूर्ण अस्तित्व



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



इन्हीं भावनाओं से संचालित होता है — प्रेम, स्नेह, करुणा, घृणा, ईर्ष्या, क्रोध, दया, विनम्रता, आत्मगौरव आदि भावनाएँ उसके जीवन को विविध रंग प्रदान करती हैं। जीवन में इनका संतुलित होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जहाँ एक ओर भावनाएँ हमारे जीवन में सौंदर्य और संवेदना का संचार करती हैं, वहीं दूसरी ओर उनका असंतुलन अनेक मानसिक विकृतियों का कारण भी बन जाता है। ऐसी ही एक नकारात्मक और खतरनाक मानसिक प्रवृत्ति है — हीनभावना।

हीनभावना का स्वरूप और उत्पत्ति

हीनभावना एक ऐसी मानसिक स्थिति है जिसमें व्यक्ति स्वयं को दूसरों की तुलना में कमतर, अयोग्य या असफल मानने लगता है। यह भावना मनुष्य की आत्मा को धीरे-धीरे खोखला कर देती है। हीनभावना का जन्म प्रायः बचपन से ही होता है। जब कोई बालक बार-बार उपेक्षित होता है, उसे तिरस्कार या अपमान का अनुभव कराया जाता है, या उसके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है, तब उसके भीतर यह बीज अंकुरित होने लगता है कि वह दूसरों से कम है। कई बार आर्थिक असंपन्नता, शारीरिक दुर्बलता, रूप-रंग की कमी, परिवार में पक्षपात या विद्यालय में लगातार असफलता जैसी परिस्थितियाँ भी हीनभावना को जन्म देती हैं। जब यह भावना लंबे समय तक बनी रहती है, तो व्यक्ति का आत्मविश्वास नष्ट हो जाता है और वह धीरे-धीरे स्वयं पर विश्वास खो देता है।

हीनभावना से ग्रस्त व्यक्ति प्रायः उदास, चिड़चिड़ा, असुरक्षित और अस्थिर रहता है। उसे हर कार्य में विफलता का भय सताता है। वह दूसरों की सफलता देखकर प्रसन्न नहीं हो पाता, बल्कि भीतर ही भीतर जलता और स्वयं को तुच्छ महसूस करता है। ऐसे लोग अक्सर अपनी इस कमी को छिपाने के लिए श्रेष्ठता का दिखावा करने लगते हैं।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, इस स्थिति में व्यक्ति एक प्रकार का कृत्रिम आवरण ओढ़ लेता है — वह दूसरों पर हावी होने की कोशिश करता है, अपने से श्रेष्ठ लोगों की निंदा करता है, अथवा दूसरों की कमियों को उजागर कर स्वयं को ऊँचा दिखाने की चेष्टा करता है। यह प्रवृत्ति उसे और अधिक असंतुलित बना देती है। परिणामस्वरूप, उसका व्यक्तित्व अस्थिर, असामंजस्यपूर्ण और असंतोष से भरा हुआ हो जाता है। हीनभावना केवल व्यक्ति को नहीं, समाज को भी प्रभावित करती है। जब समाज में ऐसे लोग बढ़ने लगते हैं जो भीतर से असुरक्षित हैं, तो वे दूसरों के प्रति नकारात्मक व्यवहार करने लगते हैं। वे सहयोग की बजाय प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या और द्वेष को बढ़ावा देते हैं। परिणामस्वरूप, समाज में सौहार्द्र और समरसता का अभाव हो जाता है। कई बार ऐसे लोग झूठ, छल, अपमान या हिंसा तक के मार्ग पर उतर आते हैं। वे यह सोचने लगते हैं कि यदि वे दूसरों को गिरा देंगे, तो स्वयं ऊपर उठ जाएंगे। यह मानसिकता समाज के नैतिक ताने-बाने को कमजोर कर देती है।

## अपने विचार

हम पर तीन बार प्रतिबंध लगाया गया। अगर हम होते ही नहीं, तो सरकार ने किस पर प्रतिबंध लगाया था? कई चीजें हैं जो पंजीकृत नहीं होतीं। यहां तक कि हिन्दू धर्म भी पंजीकृत नहीं है।



-मोहन भागवत, संघ प्रमुख

नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से। इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए।



-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।


यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार)।

# छात्रों से भरी बस 150 फीट गहरी खाई में गिरी

## एक की मौत; कई घायल

**नंदुरबार।** महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक भीषण हादसा हुआ है। यहां छात्रों से भरी एक स्कूल बस 100 से 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे का शिकार हुई बस में लगभग 30 छात्र सवार थे। हादसा नंदुरबार जिले के अक्कलकुवा-मोलगी को जोड़ने वाले देवगोई घाट इलाके में हुआ। आशंका जताई जा रही है कि बस अनियंत्रित हो जाने के कारण यह हादसा हुआ होगा। 150 फीट गहरी खाई में गिरने से बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इस हादसे में एक छात्र की मौत हो गई है, और कई अन्य घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है, और हादसे में घायल छात्रों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नंदुरबार जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। छात्रों से भरी एक स्कूल बस 100 से 150 फ़ीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा अक्कलकुवा-मोलगी को जोड़ने वाले देवगोई घाट इलाके में हुआ है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि बस में सवार एक छात्र की हादसे में मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बीच, घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है और हादसे में घायल छात्रों को इलाज के लिए अक्कलकुवा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### घायल छात्रों का चल रहा इलाज

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस में सवार छात्र जलगांव जिले के चालीसगांव तालुका स्थित मेहुनबारे आश्रम स्कूल के हैं। दिवाली की छुट्टियां खत्म होने के बाद आज मेहुनबारे आश्रम स्कूल की दो बसें छात्रों को लेने आई थीं, जिनमें से एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई है।

### नियंत्रण खोने की वजह से हुआ हादसा

हादसा कैसे हुआ इसका सही कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि हादसा बस पर ड्राइवर का नियंत्रण नहीं होने के कारण हुआ है। इस दुर्घटना में बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। यह हादसा अमलीबारी इलाके में उस समय हुआ जब यह बस मोलगी गांव से छात्रों को लेकर अक्कलकुवा की ओर जा रही थी।

# क्रिकेट मैच के विवाद ने लिया उग्र रूप




## जलगांव के तांबापुरा इलाके में दो गुटों में पथराव, कई घायल

**जलगांव।** शहर के तांबापुरा इलाके में रविवार शाम क्रिकेट खेलने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। बताया जा रहा है कि दो स्थानीय गुटों के बीच खेल के दौरान कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे बढ़ते हुए पथराव में बदल गई। यह घटना टिपू सुल्तान चौक और गवलीवाड़ा चौक के आसपास हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। जानकारी के अनुसार, झगड़े में शामिल युवक तांबापुरा क्षेत्र के गवलीवाड़ा और बिलाल चौक के रहने वाले हैं। अचानक भड़के इस विवाद में कुछ लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जलगांव सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रेलवे ने पेश किया 'रेलवन' सुपर ऐप : यात्रियों के लिए एक ही जगह सभी सुविधाएं

## टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेन ट्रैकिंग और फूड ऑर्डर तक सब कुछ एक क्लिक पर




**सोलापुर।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों के डिजिटल अनुभव को और अधिक आधुनिक व सहज बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नया "रेलवन" (RailOne) सुपर ऐप लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक ऐप 1 जुलाई 2025 को सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स (CRIS) के 40वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली के इंडिया हैबिटैट सेंटर में लॉन्च किया गया।

### यात्रियों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

रेलवे लगातार यात्रियों की सुविधाओं को उन्नत करने के लिए काम कर रहा है-चाहे वह आधुनिक ट्रेनें हों, स्टेशनों का पुनर्विकास या पुराने डिब्बों को आधुनिक LHB कोच में बदलना। इसी क्रम में, "रेलवन" सुपर ऐप को एक वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया है, जो रेलवे से जुड़ी लगभग सभी प्रमुख सेवाओं को एक ही जगह पर उपलब्ध कराता है।

### RailOne ऐप की प्रमुख विशेषताएं

यह ऐप यूज़र-फ्रेंडली, सुरक्षित और एकीकृत सुपर ऐप के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जो Android Play Store और iOS App Store दोनों पर उपलब्ध है। अलग-अलग ऐप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं है। इसमें शामिल प्रमुख सुविधाएं हैं-आरक्षित टिकट बुकिंग, आर-वॉलेट के जरिए 3% छूट के साथ अनारक्षित (UTS) टिकट, ट्रेन की लाइव ट्रैकिंग और रीयल-टाइम जानकारी, ई-कैटरिंग के माध्यम से खाना ऑर्डर करने की सुविधा, शिकायत निवारण प्रणाली, प्लेटफॉर्म टिकट और टिकट कैंसलेशन सेवा, पीएनआर स्टेटस और अन्य यात्रा जानकारी।

### सुरक्षित और आसान लॉगिन

ऐप में सिंगल-साइन-ऑन की सुविधा है, जिसमें एम-पिन या बायोमेट्रिक लॉगिन का विकल्प दिया गया है। पहले से Rail Connect या UTS ऐप उपयोग करने वाले यात्री सीधे RailOne में लॉगिन कर सकते हैं। नए उपयोगकर्ता न्यूनतम जानकारी दर्ज करके रजिस्टर कर सकते हैं। यह ऐप कई अलग-अलग रेलवे ऐप्स की जगह एक ही कॉम्पैक्ट और स्मार्ट समाधान प्रदान करता है।

### यात्रियों को मिलने वाले फायदे

एक ही ऐप से सभी सेवाओं तक पहुंच। समय, मेहनत और कागजी प्रक्रियाओं की बचत, पारदर्शी, आधुनिक और त्वरित प्रणाली। शिकायतों और सेवा अनुरोधों का तेजी से समाधान।

### कैसे करें उपयोग

Play Store या App Store से RailOne डाउनलोड करें। Rail Connect / UTS की लॉगिन जानकारी का उपयोग करें या नया अकाउंट बनाएं। टिकट बुक करें, ट्रेन ट्रैक करें, खाना ऑर्डर करें या शिकायत दर्ज करें-सब कुछ एक ही प्लेटफॉर्म से।

### अधिकारियों की प्रतिक्रिया

सोलापुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (Senior DCM) योगेश पाटिल ने कहा, 'रेलवन' ऐप यात्रियों के लिए तकनीकी रूप से उन्नत और समय बचाने वाला प्लेटफॉर्म है। इसके जरिए टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेन की वास्तविक स्थिति तक की जानकारी एक क्लिक में मिल जाती है। इससे रेलवे सेवाएं और अधिक तेज़, स्मार्ट और विश्वसनीय बनेंगी।

वसई-विरार नगर निगम चुनाव 2025

# 11 नवंबर को निकाली जाएगी आरक्षण लॉटरी




**वसई।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वसई-विरार शहर महानगरपालिका सार्वत्रिक चुनाव 2025 के लिए आरक्षण निर्धारण की लॉटरी प्रक्रिया आगामी मंगलवार, 11 नवंबर 2025 को संपन्न होगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे वसई-विरार महानगरपालिका मुख्यालय के दूसरे माले, विरार (पूर्व) में आयोजित किया जाएगा।

### आरक्षण लॉटरी में शामिल होंगे विभिन्न वर्ग

इस लॉटरी के माध्यम से अनुसूचित जाति (महिला), अनुसूचित जनजाति (महिला), नागरिकों का मागासवर्ग (OBC), नागरिकों का मागासवर्ग (महिला) तथा सामान्य महिला वर्ग के लिए सीटों का आरक्षण तय किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से की जाएगी।

### आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आरक्षण का प्रारूप सोमवार, 17 नवंबर 2025 को प्रकाशित किया जाएगा।

इस प्रारूप पर नागरिक 17 नवंबर से 24 नवंबर 2025 तक अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे।नागरिक अपनी आपत्तियां और सुझाव महानगरपालिका मुख्यालय के चुनाव कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या लिखित रूप में जमा करा सकते हैं।

प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद, वसई-विरार नगर निगम चुनाव 2025 के आरक्षण की अंतिम अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से नगर निगम चुनाव के लिए विभिन्न वर्गों का आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे चुनावी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और समान अवसर आधारित बन सके।

# एसआरएम विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. अच्युत सामंत मानद डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित


## प्रोफेसर अच्युत सामंत के नाम 69वीं मानद डॉक्टरेट डिग्री

**भुवनेश्वर।** शिक्षा, सामाजिक परिवर्तन और मानवीय सेवा के क्षेत्र में अपने निरंतर और निःस्वार्थ योगदान के लिए वैश्विक स्तर पर एक और सम्मान प्राप्त करते हुए, कीट-कीस और कीम्स के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत द्वारा मानद डॉक्टरेट (Honorary Doctorate) की डिग्री से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर यह मानद उपाधि डॉ. सामंत को प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. टी. आर. पारिवेन्धर, संस्थापक कुलाधिपति, एसआरएमआईएसटी–चेन्नई; प्रो. परमजीत एस. जसवाल, कुलपति, एसआरएम विश्वविद्यालय सोनीपत (हरियाणा); तथा प्रो. वी. सैमुअल राज, रजिस्ट्रार आदि दीक्षांत समारोह में उपस्थित थे।



यह विशिष्ट सम्मान डॉ. सामंत को विश्वभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त 69वां मानद डॉक्टरेट है, जो शिक्षा के माध्यम से वंचित बच्चों को सशक्त बनाने में उनके असाधारण योगदान की पुनः पुष्टि करता है। एसआरएम विश्वविद्यालय ने अपने प्रशस्ति पत्र में डॉ. सामंत को "सीमा रहित सेवा, भेदभाव रहित शिक्षा और समझौता रहित मानवता" के प्रतीक के रूप में सराहा है। विश्वविद्यालय ने कहा कि उन्होंने ओडिशा के गरीबतम लोगों के उत्थान के लिए शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# बेटे को जहर पिलाकर मां ने की आत्महत्या



**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के बार्शी तहसील स्थित वाणी में एक महिला ने अपने 14 महीने के बेटे को जहर पिलाकर आत्महत्या कर लिया है। लेकिन इस घटना में बच्चे की जान बच गई और उसका इलाज बार्शी के नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने वाणी में जाकर महिला का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि वाणी इलाके में स्थित एक घर में काम करने वाली नौकरानी सुबह जैसे ही घर पर काम करने आई , तो उसने घर की खिडक़ी से अंदर का दृश्य देख कर शोर मचाने लगी। घर के अंदर महिला पंखे से लटक रही थी और उसका बेटा अचेतावस्था में बिस्तर पर पड़ा था। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि बच्चे की सांस चल रही थी, इसलिए बच्चे को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। आत्महत्या करने वाली महिला की पहचान अंकिता वैभव उकिर्डे और उसके बेटे की पहचान अन्विक उकिर्डे के रुप में की गई है।

# वसई-विरार में कई युवाओं और महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया निर्णय

**वसई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के विकास कार्यों से प्रेरित होकर वसई-विरार क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े अनेक युवा, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

यह सामूहिक प्रवेश समारोह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सतीश भोंडवे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदीजी के 'विकास के ध्येय' से प्रभावित होकर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाजपा में शामिल होकर देश की प्रगति में भागीदार बनने का संकल्प लिया है।

### विकास के पथ पर भारत को आगे ले जाने का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान वसई-विरार भाजपा जिलाध्यक्ष सौ. प्रज्ञा पाटील, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नए सदस्यों का भाजपा परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नेताओं ने कहा कि देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री फडणवीस द्वारा चलाई जा रही नीतियां आम जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। इन्हीं कार्यों से प्रेरित होकर युवाओं ने भाजपा की विचारधारा को अपनाया है। समारोह के अंत में कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में आह्वान किया -"एकजुट हों, विकास की राह पर




भारत को आगे बढ़ाएं!" इस आयोजन के माध्यम से भाजपा ने वसई-विरार क्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है, जो आने वाले समय में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को और अधिक सशक्त बनाएगा।



# राशिफल

प्रियंका जैन

## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।


**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# घर परिवार में सुख शांति के लिए ज्योतिष उपाय

परिवार में सुख के लिए परिवार में सुख-शांति तथा समृद्धि के लिए प्रति दिन प्रथम रोटी के चार बराबर भाग करें। एक गाय को दूसरा काले कुत्ते को तीसरा कौए को दें तथा चौथा भाग चौराहे पर रखे। हर प्रकार की सुख-शांति के लिए अशोक वृक्ष के सात पत्ते मंदिर में रख कर पूजा करें। जब वे मुरझाने लगे, तो नए पते रख दें और पुराने को पीपल के नीचे रख आए। इससे घर में सुख-शांति बनी रहेगी। गृह शांति के लिए एक पतंग पर अपने कष्ट तथा परेशानिया लिखे उसे हवा में उड़ा कर छोड दें। ऐसा 7 दिन लगातार करे। सभी कष्ट तथा परेशानिया दूर हो जाएंगी तथा घर में सुख-शाति आएगी। घर में अशांति रहने पर यदि आपके लाख उपाय करने पर भी अकारण ही अशांति बनी रहती हो. तो गाय के गोबर को एक छोटा दीपक बनाए उसमें तेल और रुई की बत्ती डाल कर थोड़ा गुड़ डाला दे तथा उस दीपक को जला कर दरवाजे के बीच रख दें परेशानिया कम होने लगेगी। इसे आवश्यकतानुसार 2-3 बार थोड़े समय के अंतराल से कर लेना चाहिए इसके लिए शनिवार विशेष उपयुक्त दिन है तथा तिल का






प्रियंका जैन
9769994439

तेल श्रेष्ठ है। घरेलू झगड़ा होने पर घर में क्लेश रहता हो या छोटी-छोटी बातो पर साड़ा होना हो तो घर में गेहूं केवल सोमवार या शनिवार को ही पिसवाए और पिसवाने से पहले उसमें 100 ग्राम काले चने का आटा मिला दें इस प्रकार का आटा खाने से धीरे-धीरे लढाई-झगड़े तथा घर में क्लेश खत्म हो जाएंगे।

**मानसिक शांति एवं कार्य की सफलता हेतु उपाय**

जन्म कुंडली में चंद्रमा अशुभ होने पर पारिवारिक अशांति, धन की कमी तथा कार्य संचालन में परेशानी देता है। इससे बचाव के लिए रविवार की रात को सोते समय चांदी या स्टील के गिलास में थोड़ा कच्चा दूध डाल कर उसे सिरहाने रख कर सो जाएं सोमवार की सुबह इस दून को कीकर (बबूल) के पेड़ पर चढ़ा आए।

**सावधानी: गिलास को किसी बर्तन से न ढके**

बाहरी बाधा के कारण परेशानी रहने पर यदि बाहरी बाधा के कारण घर अथवा व्यवसाय में परेशानी महसूस होती हो, तो अपने निवास / व्यवसाय स्थान के पास जो भी वृक्ष हो, उसकी जड में शाम को दूध डालकर वहा अगरबत्ती जलाने से लाभ होता है इसके लिए सोमवार उपयुक्त दिन है। सर्व आपदा दुख निवारण हेतु उपाय  किसी प्रकार की विपत्ति आने का भय हो अथवा आपदाग्रस्त हो मनोबल कमजोर हो गया हो. जीवन मे बार-बार अशुभ घटनाओं के कारण मन दुखी रहता हो तो श्रध्दा विश्वासपूर्वक निम्न मंत्र का मानसिक जप अथवा लाल चंदन की माला से पाच माला नित्य जप करने से शीघ्र लाभ होता है।

मंत्र करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी शुभानि भद्राणिभिहन्तु चापदः।

यदि अर्थिक समस्या के कारण परिवार में कलह रहती हो, आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई हो कि कुछ भी उपाय न सूझ रहा हो तो कनकधारा यंत्र को अपने घर में अथवा व्यवसाय स्थल पर षोडशोपचार विधि से पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठत करके स्थापित करे। 21 दिन तक नित्य यत्र के सम्मुख बैठकर श्रद्धा विश्वासपूर्वक कनकधारा स्तोत्र के 11 पाठ करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बलिया में पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में मनियर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने शनिवार की देर रात एक युवक की कुल्हाड़ी से काटकर की निर्मम हत्या कर दी। क्षेत्राधिकारी बांसडीह जयशंकर ने रविवार को बताया कि मनियर थाना क्षेत्र के महलीपुर गांव निवासी चंदन राजभर (23) पुत्र गणेश राजभर की बीती रात करीब नौ बजे कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। जांच में पता चला है कि तीन हमलावर घर से कुछ दूर पहले घात लगाए बैठे थे और जैसे ही चंदन को देखा उस पर टूट पड़े। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो बदमाश भाग निकले। बुरी तरह जख्मी चंदन को तत्काल निजी वाहन से जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी जयशंकर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था। वारदात करने वाले तीनों आरोपित पड़ोसी बताए जा रहे हैं। हालांकि, हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। घटना में तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

### पिकअप की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज जिले में स्थित मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खास गांव में रविवार को पिकअप की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त गंगानगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुरा खास गांव निवासी राजू पटेल की 3 वर्षीय बेटी पीहू पटेल रविवार को घर के पास खेल रही रही थी। इसी दौरान वहीं पास में खड़ी पिकअप के बैक करते समय चपेट में आ गई और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर परिवार से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की। चालक एवं गाड़ी की तलाश जारी है।

### वाराणसी में अग्निवीर भर्ती रैली का दूसरा दिन सफल

**वाराणसी।** वाराणसी छावनी क्षेत्र स्थित रणबांकुरा स्टेडियम में जारी भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन रविवार को उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। इस चरण में क्लर्क और ट्रेडमैन पदों के लिए उम्मीदवारों ने भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया में कुल 1030 उम्मीदवारों को बुलाया गया था, जिनमें से 844 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 451 उम्मीदवारों ने निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए सफलता प्राप्त की। भर्ती निदेशक कर्नल शैलेष कुमार ने बताया कि रविवार की चयन प्रक्रिया कर्नल मानस महापात्रा के नेतृत्व में आई सेना की टीम की देखरेख में संपन्न हुई। सभी चरणों को पारदर्शी और अनुशासित तरीके से पूरा किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि पहले दिन की भर्ती में 395 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। सेना अधिकारियों के अनुसार भर्ती रैली का तीसरा दिन (10 नवंबर) पूरी तरह टेक्निकल पदों के लिए आरक्षित रहेगा, जिसमें 1052 अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके बाद 11 से 21 नवंबर तक जनरल ड्यूटी (जीडी) पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चलेगी।

# एटा में पूर्व सभासद की गोली मारकर हत्या

**रेलवे ट्रैक के पास मिला शव**

एजेंसी । एटा

उत्तर प्रदेश के एटा जिले में शनिवार की रात सनसनीखेज वारदात सामने आई, जब नगर पालिका के पूर्व सभासद हामिद उर्फ पप्पू (40) का शव रेलवे स्टेशन के निकट ट्रैक पर पड़ा मिला। मृतक को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने रात करीब साढ़े नौ बजे रेलवे स्टेशन यार्ड के पास शव देखा और तत्काल जीआरपी व कोतवाली नगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम, फील्ड यूनिट और स्वाट कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान हामिद उर्फ पप्पू पुत्र मकदूम, निवासी मारहरा दरवाजा, थाना कोतवाली नगर, एटा के रूप में हुई। बताया गया कि हामिद नगर पालिका के पूर्व सभासद थे और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे। वे वर्तमान में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे थे। पोस्टमार्टम की कार्यवाही देर रात पूरी कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने कहा, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट के आधार पर जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### कालिंग हिस्ट्री खंगाल रही पुलिस



घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा रहा है। परिजनों से पूछताछ जारी है कि हामिद अंतिम बार किसके साथ निकले थे और उनके मोबाइल की कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा रही है।

# अलीगढ़ में पुलिस टीम पर फायरिंग सिपाही घायल

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में रविवार को हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने के लिए दबिश देने पहुंची टप्पल थाना पुलिस टीम पर बदमाश और उसके सहयोगियों ने हमला कर दिया। इस हमले में बदमाश की ओर से चलाई गई गोली से एक सिपाही घायल हो गया, जिसका फरीदाबाद के अस्पताल में उपचार जारी है। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि टप्पल थाना अंतर्गत ग्राम जलालपुर में एक मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इस मामले में रविवार को वांछित हिस्ट्रीशीटर शाका की गिरफ्तारी के लिए टप्पल थाना पुलिस पहुंची। गिरफ्तारी का विरोध करते हुए हिस्ट्रीशीटर व उसके सहयोगियों ने थाना

### हिस्ट्रीशीटर शाका को पकड़ने पहुंची थी पुलिस टीम



पुलिस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर की, जिसमें आरक्षी देव दीक्षित गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम पर हमले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीमों ने बिना देरी किए आरक्षी देव दीक्षित को हायर सेंटर में भर्ती कराया।

# 234 ग्राम सोना, 12 किलो चांदी संग आठ गिरफ्तार

## बलरामपुर पुलिस की बड़ी सफलता, 30 अक्टूबर को सराफा दुकान में हुई थी चोरी

एजेंसी । बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में हुई चर्चित ज्वेलरी चोरी की वारदात को पुलिस ने महज सात दिनों में सुलझा लिया। दहेजवार चौक स्थित धनंजय ज्वेलर्स में 30-31 अक्टूबर की रात हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 50 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की है। जब्त सामान में सोना, चांदी, नकद राशि, मोबाइल फोन और वाहन शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष अनुसंधान टीम (SIT) ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय नेटवर्क की मदद से आरोपितों तक पहुंच बनाई। घटना की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) व 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने शहर और आसपास लगे सैकड़ों कैमरों की फुटेज खंगाली। सुराग सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र तक पहुंचा, जहां 7 नवंबर को ग्राम नकना के जंगलों में दबिश देकर चार मुख्य आरोपित—शिव कुमार, सूरज सिंह, वेद सिंह और सूर्या गिरी—को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि छह लोग दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर बलरामपुर पहुंचे थे और दुकान का शटर तोड़कर कीमती जेवरात व नकद रकम उड़ा ले गए थे।

### सराफा दुकान का संचालक भी गिरफ्तार



पुलिस ने आगे की कार्रवाई में चोरी के गहने बेचने में शामिल अंबिकापुर निवासी रोशन सोनी (स्वर्ण महल ज्वेलर्स संचालक), अजीत, बादल दास और राजेश अग्रवाल को भी गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से 234 ग्राम सोना, 12 किलो चांदी, साढ़े तीन लाख रुपये नकद, तीन मोटरसाइकिलें, दो आईफोन और अन्य सामान बरामद किया गया।

# अब अपराध नहीं, बह रही विकास की गंगा

एजेंसी । पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को रोहतास जिले के करगहर विधानसभा क्षेत्र के इटवाडिह मैदान में आयोजित जनसभा में कहा कि दो दशक पहले का बिहार और आज का बिहार—दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है। उन्होंने कहा, बीस साल पहले इस राज्य की क्या स्थिति थी, यह किसी से छुपा नहीं है। आज बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आगे बढ़ चुका है। मुख्यमंत्री ने जनसभा में जदयू प्रत्याशी वशिष्ठ सिंह के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने हर क्षेत्र में ठोस काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भयमुक्त वातावरण बनाया गया है और हर स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। "जहां रिक्तियां बची हैं, वहां भी जल्द बहाली होगी," उन्होंने जोड़ा।

### निर्माणाधीन परियोजनाएं भी गिनाईं

**विपक्ष पर जातीय तनाव का आरोप**

नीतीश कुमार ने अगले पांच वर्षों की विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, पहले की सरकारों ने जातीय तनाव फैलाने के अलावा कुछ नहीं किया, हमने लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा।



रोहतास जिले की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि कोचस में बाईपास और बस स्टैंड निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जबकि नासरीगंज से आरा तक सड़क निर्माण तेजी से चल रहा है। सभा में मौजूद हजारों समर्थकों से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन मांगते हुए उन्होंने हाथ उठाने की अपील की। मंच पर उपस्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने भी लोगों से एनडीए को समर्थन देने की अपील की।

# बिहार विधानसभा: दूसरे चरण में 1302 उम्मीदवार आमने-सामने

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के चुनावी प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जायेगा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान आगामी 11 नवम्बर को होना है। दूसरे चरण में कुल 1,302 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें 1,165 पुरुष, 136 महिलाएं और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार भी शामिल हैं। दूसरे चरण में 3.7 करोड़ के करीब मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 1.95 करोड़ पुरुष और 1.74 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार 6 नवंबर को हुए पहले चरण में करीब 64.66 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें समस्तीपुर में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड 71.74 प्रतिशत मतदान हुआ। राजधानी पटना में सबसे कम 59.02 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण में पश्चिम एवं पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, कैमूर, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई जिले में मतदान होगा। दूसरे चरण में क्षेत्रफल में सबसे छोटा भागलपुर विधानसभा क्षेत्र (23.887 वर्ग किमी) है तो सबसे बड़ा चैनपुर (1814.15 वर्ग किमी) वाला विधानसभा है। इसी तरह से सबसे कम 247574 मतदाता मखदुमपुर में हैं तो सबसे अधिक 367667 मतदाता हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में हैं।

# चर्चित SDM ओशिन शर्मा की AI द्वारा निर्मित अश्लील तस्वीरें वायरल

**एसडीएम की फेसबुक प्रोफाइल से ली गई थीं तस्वीरें, केस दर्ज**

एजेंसी । शिमला

हिमाचल प्रदेश की युवा और चर्चित प्रशासनिक अधिकारी ओशिन शर्मा, जो वर्तमान में शिमला (अर्बन) की एसडीएम हैं, साइबर अपराध का शिकार हुई हैं। अज्ञात व्यक्तियों ने उनके नाम और तस्वीरों का उपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर एआई-जनित आपत्तिजनक तस्वीरें पोस्ट कीं। इस घटना के बाद ओशिन शर्मा ने तुरंत न्यू शिमला महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 78, 79 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67(A) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर हैं काफी सक्रिय



महिला थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर क्राइम टीम को जांच में शामिल किया गया है और संदिग्ध अकाउंट्स के आईपी एड्रेस और डिजिटल फुटप्रिंट ट्रेस किए जा रहे हैं। जांच के लिए सोशल मीडिया कंपनी से भी तकनीकी सहायता मांगी गई है। गौरतलब है कि ओशिन शर्मा सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। उनके इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स हैं और वे लाडली फाउंडेशन की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। वे महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े मुद्दों पर अक्सर अपनी बेबाक राय रखती हैं।

### जालसाजों ने बनाई फर्जी प्रोफाइल

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने ओशिन शर्मा की वास्तविक तस्वीरों का उपयोग कर कई फर्जी प्रोफाइल तैयार किए। इनमें से एक अकाउंट से शुक्रवार देर रात एक भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट साझा की गई, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर फैल गई। पोस्ट सामने आने के तुरंत बाद अधिकारी ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

## व्यापार जगत

# NCLT की हरी झंडी: सुजुकी मोटर गुजरात और मारुति सुजुकी इंडिया का विलय मंजूर

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (MSIL) और उसकी सहायक इकाई सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड (SMG) के विलय को आखिरकार राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (NCLT) से मंजूरी मिल गई है। इस ऐतिहासिक फैसले के साथ भारतीय ऑटो सेक्टर में एक बड़ा कॉरपोरेट पुनर्गठन पूरा होने जा रहा है। मारुति सुजुकी ने रेगुलेटरी फाइलिंग के जरिए बताया कि एनसीएलटी की दिल्ली बेंच में मौजूद दो सदस्यीय पीठ—न्यायमूर्ति रामलिंगम सुधाकर और सदस्य रवींद्र चतुर्वेदी—ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के तहत इस विलय योजना को मंजूरी दी। न्यायाधिकरण ने इस विलय की प्रभावी तिथि 1 अप्रैल, 2025 तय की है।

### सभी नियामक निकायों की सहमति



एनसीएलटी ने अपने आदेश में कहा कि इस विलय पर किसी भी नियामक संस्था ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की है। आयकर विभाग, आधिकारिक परिसमापक (अहमदाबाद), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI), बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE)—सभी ने इस योजना पर अपनी स्वीकृति दी है। पीठ ने यह भी माना कि यह योजना दोनों कंपनियों, उनके शेयरधारकों, लेनदारों, कर्मचारियों और सभी हितधारकों के हित में है, और इसलिए इसे मंजूरी देने में कोई कानूनी या प्रशासनिक बाधा नहीं है।

### उद्योग जगत की भी टिकी हैं निगाहें

इस निर्णय को भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। सुजुकी मोटर गुजरात का विलय मारुति सुजुकी इंडिया के साथ होने से कंपनी की उत्पादन क्षमता, सप्लाई चेन और निर्यात रणनीति को और मजबूती मिलेगी। विलय के बाद, मारुति सुजुकी के भारत में विनिर्माण संचालन का पूरा नियंत्रण एकीकृत हो जाएगा, जिससे कंपनी के लिए उत्पादन प्रक्रियाएं अधिक सुगठित और लागत-प्रभावी बनेंगी।

# IPO बाजार में अगले हफ्ते खुलेंगे पांच नये इश्यू

**कंपनियां जुटाएंगी 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा**

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए बड़ा मौका आने वाला है। 11 से 14 नवंबर के बीच कुल पांच नये IPO निवेशकों के लिए खुलने जा रहे हैं। इनमें से तीन मेनबोर्ड पर जबकि दो SME सेगमेंट में लिस्ट होंगे। इन सभी इश्यू के जरिए कंपनियां 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी जुटाने का लक्ष्य रख रही हैं। आने वाले ये आईपीओ शिक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, ऑटो टेक्नोलॉजी और फार्मा जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं।

### टेनेको क्लीन एयर इंडिया




वैश्विक ऑटोमोटिव कंपनी Tenneco Inc. की भारतीय इकाई भी अगले हफ्ते अपना IPO ला रही है। इसे ऑटो टेक्नोलॉजी सेक्टर की सबसे चर्चित ऑफरिंग माना जा रहा है। यह 3,600 करोड़ रुपए का IPO पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है। यह 12 नवंबर को खुलकर 14 नवंबर को बंद होगा। शेयर की कीमत 378 से 397 रुपए प्रति शेयर तय की गई है। यह BSE और NSE पर लिस्ट होगा। सौर ऊर्जा क्षेत्र की यह कंपनी भारत में तेजी से बढ़ती क्लीन एनर्जी इंडस्ट्री का हिस्सा है। इसकी कीमत 206 से 217 रुपए प्रति शेयर के बीच रखी गई है। यह IPO 13 नवंबर को बंद होगा। इसका शेयर BSE और NSE पर लिस्ट होगा। JM Financial इसके भी लीड मैनेजर हैं और इसका जीएमपी 20 रुपए यानी करीब 9.21 फीसदी चल रहा है।

### फिजिक्सवाला

देश की चर्चित एडटेक कंपनी फिजिक्सवाला का IPO 11 नवंबर से खुलेगा और 13 नवंबर को बंद होगा। यह IPO 3,480 करोड़ रुपए का है। इसके लिए प्राइस बैंड 103 से 109 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह सब्सक्रिप्शन 13 नवंबर तक खुला रहेगा। इस IPO के शेयर BSE और NSE दोनों पर लिस्ट होंगे। यह IPO हाल के सालों में सबसे बड़े एडुटेक लिस्टिंग में से एक है।

# सोने की कीमत में साप्ताहिक गिरावट, चांदी में मामूली बढ़त

**सर्राफा बाजार में मिला-जुला रुख**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में इस हफ्ते सोने की कीमतों में गिरावट का दौर जारी रहा, जबकि चांदी ने हल्की बढ़त दर्ज की। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शनिवार को सोना मामूली तेजी के साथ बंद हुआ, लेकिन पूरे सप्ताह के दौरान इसकी कीमत में लगभग 1,160 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। देशभर के प्रमुख सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 1,22,020 से 1,22,170 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,11,850 से 1,12,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में हल्की तेजी आने से यह दिल्ली बाजार में 1,52,500 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

### सप्ताहभर गिरावट में रहा सोना



सोमवार से शनिवार के बीच कारोबार के दौरान सोने पर बिकवाली का दबाव देखने को मिला। जहां 24 कैरेट सोना 980 रुपए तक कमजोर हुआ, वहीं 22 कैरेट सोना 1,160 रुपए प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ। इसके विपरीत, चांदी ने साप्ताहिक आधार पर 500 रुपए प्रति किलो की बढ़त दर्ज की। कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजारों में आज सोने के भाव में मामूली तेजी देखी गई। बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,22,020 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के भाव

**दिल्ली :** 24 कैरेट सोना 1,22,170 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट 1,12,000

**मुंबई :** 24 कैरेट 1,22,020, 22 कैरेट 1,11,850

**अहमदाबाद :** 24 कैरेट 1,22,070, 22 कैरेट 1,11,900

**चेन्नई :** 24 कैरेट 1,22,020, 22 कैरेट 1,11,850

**कोलकाता :** 24 कैरेट 1,22,020, 22 कैरेट 1,11,850

**लखनऊ/जयपुर :** 24 कैरेट 1,22,170, 22 कैरेट 1,12,000

**पटना :** 24 कैरेट 1,22,070, 22 कैरेट 1,11,900

### निवेशकों की नजर वैश्विक संकेतों पर

विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों में अनिश्चितता के कारण सोने में दबाव बना हुआ है। हालांकि, वर्षांत त्योहारी सीजन और विवाहों की मांग को देखते हुए आने वाले सप्ताहों में सोने की कीमतों में थोड़ी रिकवरी देखने को मिल सकती है।

# एंटरप्रेन्योर ईशा जैन ने A29 वेलबीइंग किया लॉन्च, एक्टिववियर और वेलनेस का नया ब्रांड

**मुंबई।** मुंबई में एंटरप्रेन्योर और क्रिएटिव विजनरी ईशा जैन ने अपने प्रीमियम एक्टिववियर और वेलनेस ब्रांड ए29 वेलबीइंग का भव्य लॉन्च किया। इस मौके पर फिटनेस और एंटरटेनमेंट जगत की कई हस्तियां, जैसे सुनील शेट्टी, सोनू सूद, कृष्णा श्रॉफ, अर्जन बाजवा, मधुर भंडारकर, गुलशन ग्रोवर और श्रिया सरन शामिल हुए। ए29 वेलबीइंग का उद्देश्य वेलनेस को एक स्टाइलिश, सुलभ और माइंडफुल लाइफस्टाइल में बदलना है। ब्रांड का पहला कलेक्शन पुरुषों और महिलाओं के लिए हाई-परफॉर्मेंस एक्टिववियर पेश करता है, जिसमें टी-शर्ट, लेगिंग, जॉगर्स, स्पोर्ट्स ब्रा और




हुडेड वेस्ट शामिल हैं। इसके साथ ही कैप, बैग, योगा मैट और बोतल जैसी लाइफस्टाइल एक्सेसरीज़ भी लॉन्च की गईं। पूरी रेंज A29wellbeing.com पर एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध है। ईशा जैन ने कहा, ₹ए29 सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि माइंडफुल लिविंग और कम्प्लीट वेलबीइंग की दिशा में एक मूवमेंट है। हमारा विज़न वेलनेस को सुंदर, सरल और मानवीय बनाना है।₹ ए29 का भविष्य केवल फैशन तक सीमित नहीं, ब्रांड आने वाले समय में वेलनेस स्पा, रिकवरी सेंटर, जिम और मेंटल हेल्थ प्रोग्राम्स शुरू करने की योजना बना रहा है। लॉन्च इवेंट में फिटनेस गेम्स, बीच ज़ोन, लाइव डंक शो और पॉप-अप स्टोर ने ब्रांड की ऊर्जा को दर्शाया। सुनील शेट्टी ने कहा, ₹ईशा ने संतुलन, अनुशासन और सेल्फ-केयर की नई परिभाषा दी है।₹ जबकि सोनू सूद ने इसे ₹ज़िंदगी के प्रति एक नज़रिया₹ बताया। ए29 वेलबीइंग अब एक नए वेलनेस कल्चर का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

# मुकेश अंबानी का श्रीनाथजी मंदिर को 15 करोड़ का दान

**नई दिल्ली।** उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नाथद्वारा में भक्तों की सुविधा के लिए एक आधुनिक 'यात्री एवं वरिष्ठ सेवा सदन' के निर्माण की घोषणा की है। अंबानी ने इस अवसर पर श्रीनाथजी मंदिर में 15 करोड़ का दान भी अर्पित किया और मंदिर में भोग-आरती के दर्शन करने के बाद पूज्य गुरु विशाल बावा साहेब से आशीर्वाद प्राप्त किया। अंबानी द्वारा प्रस्तावित यह सेवा सदन विशेष रूप से तीर्थयात्रियों और वरिष्ठ वैष्णव भक्तों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इस परिसर में 100 से अधिक वातानुकूलित कमरे, 24 घंटे की मेडिकल और नर्सिंग यूनिट, फिजियोथेरेपी सेवाएं, सत्संग व प्रवचन हॉल, तथा पुष्टिमार्ग की थाल-प्रसाद परंपरा के अनुरूप भोजन व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध होगी।

# 38 की उम्र में भी मेसी का जादू बरकरार

## करियर में पूरे किए 400 असिस्ट, इंटर मियामी पहली बार सेमीफाइनल में

एजेंसी । नई दिल्ली

फुटबॉल के जादूगर लियोनेल मेसी ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अर्जेंटीना के इस महान खिलाड़ी ने अपने पेशेवर करियर में 400 असिस्ट पूरे कर लिए हैं, जिससे वह ऐसा कारनामा करने वाले दुनिया के दूसरे फुटबॉलर बन गए हैं। इसी के साथ उनके क्लब इंटर मियामी ने एमएलएस प्लेऑफ के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। नैशविले एससी के खिलाफ खेले गए क्वार्टरफाइनल में इंटर मियामी ने 4-0 से धमाकेदार जीत दर्ज की। मेसी ने न सिर्फ एक गोल दागा, बल्कि दो शानदार असिस्ट देकर टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि उम्र उनके खेल को नहीं, बल्कि अनुभव को और निखार रही है।



### मेसी के आंकड़े जो उन्हें बनाते हैं अद्वितीय

ऑप्टा के मुताबिक, मेसी ने अब तक अपने करियर में बर्सिलोना के लिए 778 मैचों में 672 गोल और 269 असिस्ट, अर्जेंटीना राष्ट्रीय टीम के लिए 195 मैचों में 114 गोल और 60 असिस्ट, पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के लिए 75 मैचों में 32 गोल और 34 असिस्ट और इंटर मियामी के लिए 84 मैचों में 74 गोल और 37 असिस्ट किए हैं। कुल मिलाकर, मेसी के नाम अब 400 असिस्ट और 892 गोल दर्ज हो चुके हैं।

### अब पुस्कस का रिकॉर्ड निशाने पर

मेसी से आगे फिलहाल सिर्फ हंगरी के दिग्गज फेरेंक पुस्कस हैं, जिन्होंने अपने करियर में 404 असिस्ट किए थे। यानी मेसी अब सिर्फ 5 असिस्ट दूर हैं विश्व रिकॉर्ड से। दिलचस्प बात यह है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा 60 असिस्ट करने वाले खिलाड़ी भी हैं।

### इंटर मियामी का ऐतिहासिक सफर

इंटर मियामी ने क्लब इतिहास में पहली बार ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के सेमीफाइनल में जगह बनाई है, जहां अब उसका मुकाबला एफसी सिनसिनाटी से होगा। इस मैच की विजेता टीम कॉन्फ्रेंस फाइनल खेलेगी, और 6 दिसंबर को एमएलएस कप 2025 का खिताबी मुकाबला ईस्टर्न और वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस की विजेता टीमों के बीच खेला जाएगा।

वर्ल्ड रिकार्ड

# रोहताश ने 60 पाउंड वजन के साथ किया 847 पुश-अप्स



**नई दिल्ली।** देश के फिटनेस आइकन और "पुश-अप मैन ऑफ इंडिया" के नाम से मशहूर रोहताश चौधरी ने रविवार को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इतिहास रच दिया। उन्होंने पीठ पर 60 पाउंड (लगभग 27 किलो) वजन के साथ मात्र एक घंटे में 847 पुश-अप्स पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस अद्भुत प्रदर्शन से उन्होंने सीरिया के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए 820 पुश-अप्स के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक टीम ने मौके पर मौजूद रहकर इस रिकॉर्ड की पुष्टि की।
इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साक्षी केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी रहे। उन्होंने रोहताश को सम्मानित करते हुए कहा, "रोहताश चौधरी फिट इंडिया मूवमेंट की जीवंत मिसाल हैं। उनका अनुशासन और समर्पण भारत के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है।" अपनी जीत के बाद भावुक रोहताश चौधरी ने कहा, "यह रिकॉर्ड मैंने हमारे सशस्त्र बलों और 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित किया है। वे देश की असली शक्ति और अनुशासन के प्रतीक हैं।" उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' ने देश में फिटनेस को सामाजिक अभियान का रूप दिया है। रोहताश इससे पहले नवंबर 2024 में 704 वन-लेग पुश-अप्स का रिकॉर्ड भी बना चुके हैं, जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित किया था। अब यह नई उपलब्धि उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिटनेस एथलीटों की सूची में शामिल करती है।

# अर्जुन बाबूता एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबूता ने काहिरा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल के पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवां स्थान हासिल किया।
अर्जुन ने क्वालिफिकेशन राउंड में 632.5 अंकों के साथ फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फाइनल में उन्होंने 145.0 अंक जुटाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में जर्मनी के मैक्सिमिलियन डैलिंगर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन विक्टर लिंडग्रेन (स्वीडन) ने रजत और ओलंपिक चैंपियन शेंग लिआओ (चीन) ने कांस्य पदक अपने नाम किया।



### 11वें शाट में कम हुआ स्कोर

अर्जुन ने फाइनल की शुरुआत पहले सीरीज़ में 51.9 (10.6, 9.8, 10.6, 10.5, 10.4) अंकों से की और दूसरे सीरीज़ में 52.3 (10.6, 10.1, 10.7, 10.2, 10.7) अंक जुटाए। हालांकि 11वें शॉट में 9.7 का कम स्कोर आने से उनकी रैंकिंग नीचे चली गई और वे दूसरे शूटर के रूप में प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### स्पर्धा का फाइनल आज

इसी बीच पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के अनिश भंवाला ने 291–11x का शानदार स्कोर बनाकर पहले चरण की क्वालिफिकेशन के बाद सातवां स्थान हासिल किया। वहीं, समीर गुलिया ने 286–3x और आदर्श सिंह ने 285–8x अंक बनाए। इस स्पर्धा का दूसरा चरण और फाइनल मुकाबला कल खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

# हांगकांग सिक्सेस 2025: कुवैत को हरा पाकिस्तान ने रचा इतिहास

## छह बार खिताबी जीत दर्ज कर चुका है पाकिस्तान

एजेंसी । हांगकांग

पाकिस्तान ने अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर रविवार को खेले गए हांगकांग सिक्सेस 2025 के फाइनल में कुवैत को 43 रनों से पराजित करते हुए चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया। यह पाकिस्तान का इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में छठा खिताब है, जिससे वह प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गई है। टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में खेले गए खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र छह ओवर में तीन विकेट पर 135 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के स्टार बल्लेबाज अब्दुल समद ने 13 गेंदों में 42 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, वहीं कप्तान अब्बास अफरीदी ने सिर्फ 11 गेंदों पर 52 रन ठोककर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कुवैत के मीत भावसार ने गेंदबाजी में सबसे बढ़िया प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके।




WPL 2026 से पहले आरसीबी का बड़ा कदम

# अन्या श्रुबसोल बनीं सहायक कोच

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की तैयारी में जुटी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने कोचिंग स्टाफ में अहम बदलाव करते हुए इंग्लैंड की दिग्गज तेज गेंदबाज अन्या श्रुबसोल को सहायक कोच नियुक्त किया है। वह हाल ही में टीम के नए मुख्य कोच बने मालोलन रंगराजन के साथ काम करेंगी, जिन्होंने ल्यूक विलियम्स की जगह संभाली है। अन्या श्रुबसोल इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की सबसे सफल गेंदबाजों में शुमार रही हैं। उन्होंने 2017 महिला विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ 6 विकेट लेकर इंग्लैंड को विश्व चैम्पियन बनाया था और 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी रहीं। श्रुबसोल ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था, उनके नाम 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं।



बॉ ली वु ड

राम चरण से जूनियर NTR तक

# बॉलीवुड में फ्लॉप रहा इन साउथ सुपरस्टार का डेब्यू



बॉलीवुड के साथ-साथ आज के समय में दक्षिण भारतीय सिनेमा में भी कई बड़े कलाकार मौजूद हैं। उनमें से कई स्टार्स ने हिंदी सिनेमा में भी काम किया है। हालांकि कोई फ्लॉप साबित हुआ तो कोई हिट निकला था। आज हम आपको साउथ के 5 ऐसे एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जिनकी पहली बॉलीवुड फिल्म कोई कमाल नहीं कर सकी और वो अपने हिंदी दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब नहीं हो पाए।

### राम चरण

राम चरण ने साउथ में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। उन्होंने साल 2022 में आई फिल्म 'आरआरआर' से दुनियाभर में खास पहचान बनाई थी। राम ने साल 2013 में फिल्म 'जंजीर' से बॉलीवुड में अपने कदम रखे थे, लेकिन ये पिक्चर बुरी तरह पिट गई थी।

### जूनियर एनटीआर

'आरआरआर' के जरिए जूनियर एनटीआर को भी ग्लोबल लेवल पर लोकप्रियता हासिल हुई थी। जूनियर एनटीआर ने अगस्त 2025 में रिलीज हुई ऋतिक रोशन की फिल्म 'वॉर 2' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। 400 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी।

### सुदीप किच्चा

सुदीप किच्चा कन्नड़ सिनेमा के मशहूर अभिनेता हैं। वो बॉलीवुड में भी काम कर चुके हैं। सुदीप ने हिंदी सिनेमा में अपने एक्टिंग करियर का आगाज फिल्म 'फूंक' से किया था जो साल 2008 में रिलीज हुई थी। हालांकि सुदीप की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी छाप नहीं छोड़ सकी। बता दें कि सुदीप 'फूंक' के अलावा 'रन', 'रक्त चरित्र 2' और 'दबंग 3' जैसी बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं।

### विक्रम

विक्रम मुख्य रूप से तमिल सिनेमा में काम करते हैं। 59 वर्षीय अभिनेता विक्रम ने बॉलीवुड में अपना आगाज साल 2010 में किया था। इस दौरान वो फिल्म 'रावण' में नजर आए थे। इसका हिस्सा ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन भी थे। 'रावण' भी फ्लॉप फिल्म साबित हुई थी।

### विजय देवरकोंडा

विजय देवरकोंडा तेलुगु सिनेमा के एक मशहूर अभिनेता हैं। अपनी अदाकारी से फैंस का दिल जीत चुके विजय ने साल 2022 में बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'लाइगर' थी। इसमें उनके अपोजिट अनन्या पांडे नजर आई थीं, लेकिन ये पिक्चर उम्मीद पर खरी नहीं उतर सकी और टिकट खिड़की पर असफल रही थी।

# 'जन नायकन' बनेगी ओटीटी की शहंशाह




साउथ सुपरस्टार थलपति विजय की बहुप्रतीक्षित पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा फिल्म 'जन नायकन (Jana Nayagan)' अगले साल 9 जनवरी 2026 को पोंगल के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म विजय के करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक मानी जा रही है, क्योंकि इसके बाद अभिनेता पूरी तरह अपने राजनीतिक सफर की ओर कदम बढ़ाने वाले हैं। हाल ही में यह फिल्म अपने डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स को लेकर सुर्खियों में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेजन प्राइम वीडियो ने 'जन नायकन' के ओटीटी अधिकार 110 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। अगर यह जानकारी आधिकारिक रूप से पुष्ट होती है, तो यह तमिल सिनेमा इतिहास की सबसे बड़ी ओटीटी डील्स में से एक होगी। हालांकि फिल्म के निर्माताओं ने फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। निर्देशक एच. विनोथ के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा है। इसमें विजय एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो सत्ता, जिम्मेदारी और न्याय के बीच संघर्ष करता दिखेगा। फिल्म में पूजा हेगड़े और बॉबी देओल प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जबकि प्रियामणि, ममिथा बैजू, प्रकाश राज, गौतम वासुदेव मेनन और नारायण भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

# हक' में वर्तिका सिंह ने दिखाया दम



पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया वर्तिका सिंह ने बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की है। उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'हक' (Haq) से इंडस्ट्री में डेब्यू किया है, जिसमें उनके साथ इमरान हाशमी और यामी गौतम मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित इस फिल्म में वर्तिका ने अपने मजबूत अभिनय से दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान खींचा है। फिल्म के अनुभव साझा करते हुए वर्तिका ने बताया कि शुरुआत में वह थोड़ी नर्वस थीं, लेकिन इमरान हाशमी जैसे को-स्टार ने माहौल को सहज बना दिया। उन्होंने कहा, "इमरान बेहद जमीन से जुड़े इंसान हैं। उन्होंने कभी अपने स्टारडम का अहसास नहीं होने दिया और हर सीन में मुझे सहज महसूस कराया, जिससे आत्मविश्वास बढ़ा।" वर्तिका ने बताया कि यामी गौतम के साथ काम करना उनके लिए एक सीखने जैसा अनुभव रहा। उन्होंने कहा, "यामी बेहद समर्पित अभिनेत्री हैं। उन्हें अपने किरदार में पूरी तरह डूबे देख मैंने समझा कि सच्चा अभिनय वही है, जब आप किरदार की भावनाओं को महसूस करते हैं।"फिल्म में वर्तिका ने 'साइरा' नाम की महिला की भूमिका निभाई है। इस किरदार को आत्मसात करने के लिए उन्होंने खुद कविताएं लिखीं और किरदार की मानसिकता को समझने की कोशिश की। वर्तिका के मुताबिक, "मैंने साइरा के बचपन और उसकी सोच को अपने नोट्स में लिखा, ताकि किरदार को असल भावनाओं से जी सकूं।

# राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नीतू और नितिन चंद्रा की 'छठ' आईएफएफआई 2025 में शामिल

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितिन नीरा चंद्रा द्वारा निर्देशित और अभिनेत्री–निर्माता नीतू चंद्रा द्वारा निर्मित फ़िल्म 'छठ' को इस साल के भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव 2025 के भारतीय पैनोरमा सेक्शन में आधिकारिक रूप से चुना गया है। भारत की आध्यात्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक जड़ों को समर्पित यह फ़िल्म बिहार की आस्था, अनुशासन और भावनात्मक गहराई को बड़े परदे पर जीवंत करती है। छठ पूजा पर आधारित इस फ़िल्म को इस साल अक्टूबर 2025 में वेव्स ओटीटी पर रिलीज़ किया गया था, जहां इसे अपनी प्रामाणिक कहानी और संवेदनशील प्रस्तुति के लिए दर्शकों से खूब सराहना मिली। चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए निर्देशक नितिन नीरा चंद्रा ने कहा, यह उपलब्धि सिर्फ़ हमारी फ़िल्म की नहीं, बल्कि बिहार और उसके लोगों की है। 'छठ' के ज़रिए हमने उस गरिमा, धैर्य और सांस्कृतिक गौरव को दिखाने की कोशिश की है जो हमारे समाज की पहचान है।





# नीब करौरी बाबा सबका कल्याण करेंगे : रब्बू जोशी



**बिजाना।** **मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के बिजाना गांव में स्थित सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्तिपीठ पर एक दिव्य आध्यात्मिक उत्सव का आयोजन हुआ। मां बगलामुखी तारा के परम प्रिय पुत्र एवं पीठाधीश्वर पंडित कैलाशचन्द्र शर्मा की पावन उपस्थिति में श्री नीब करौरी बाबा के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के वातावरण में सम्पन्न हुई।**

### वैदिक विधि से सम्पन्न हुआ यज्ञकर्म

प्राण प्रतिष्ठा का संपूर्ण यज्ञकर्म वेदाचार्य पं. बालकृष्ण शर्मा खोखरा द्वारा वैदिक रीति-विधान के अनुसार सम्पन्न किया गया। सुबह से ही वैदिक ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार से वातावरण पवित्र हो उठा। यज्ञकुंड में आहुति देते समय श्रद्धालुओं ने 'जय मां पीताम्बरा' और 'जय बाबा महाराज की' के उद्घोषों से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। हवन की अग्नि और शंखध्वनि से ऐसा दिव्य वातावरण बना कि हर उपस्थित व्यक्ति भावविभोर हो उठा।

**▶▶ पंडित कैलाश शर्मा की पावन उपस्थिति में सम्पन्न हुआ भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

**▶▶ महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज के सान्निध्य में हुआ ऐतिहासिक आयोजन**



### भक्तिभाव से गुंजायमान हुआ पूरा परिसर



इस अवसर पर कैंची धाम के संचालक एवं बाबा के शिष्य रविंद्र (रब्बू) जोशी ने भावनाओं से ओतप्रोत होकर कहा, "यहां साक्षात् बाबाजी विराजमान हैं। जो भी श्रद्धालु यहां आएगा, बाबा उसका कल्याण अवश्य करेंगे।" उनके इस कथन के साथ ही पूरा परिसर 'जय बाबा महाराज की' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं में यह विश्वास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला कि बाबा की दिव्य उपस्थिति इस भूमि को आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुंचाएगी।

### नादयोग से गुंजायमान हुआ परिसर

कार्यक्रम की शुरुआत मां बगलामुखी वंदना से हुई। सुर, साधना और नाद का यह अद्भुत संगम तब देखने को मिला जब इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 5 की विजेता एवं नादयोग गुरुकुल की निदेशिका डॉ. रागिनी मक्खड़ ने अपनी टीम के साथ देवी वंदना की अलौकिक प्रस्तुति दी। नादयोग की इस मनमोहक संध्या ने श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबो दिया। संपूर्ण परिसर में मां बगलामुखी के जयघोष के साथ दिव्यता का अनूठा माहौल बना रहा।

### हर किसी का हुआ कल्याण

बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी शैलेंद्र पटेल ने कहा कि गुरुदेव कैलाश शर्मा के आशीर्वाद से हम पुराणों में वर्णित इस महाशक्ति पीठ के निर्माण में जुटे हुए हैं। बीते वर्षों में यहां हजारों श्रद्धालुओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हुए। देश विदेश से लोग मां बगलामुखी तारा महाशक्ति आकर अपने जीवन के कष्टों से निजात पा रहे हैं। शैलेन्द्र बताते हैं माता ने मेरा सम्पूर्ण जीवन परिवर्तन कर दिया है। यहां आने वाले हर भक्त का कल्याण हुआ है।

### भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम

दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। मां बगलामुखी और बाबा नीब करौरी के भजनों से वातावरण गूंजता रहा। भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को दीपमालाओं से पूरा परिसर आलोकित हो उठा। आरती के दौरान जब एक स्वर में 'जय माँ बगलामुखी' और 'जय बाबा महाराज की' के उद्घोष हुए, तो ऐसा लगा मानो स्वयं देवता भी इस क्षण के साक्षी हों।

### गरिमामयी अतिथियों की उपस्थिति



इस आयोजन में आध्यात्मिकता के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक बृजकिशोर भार्गव, मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष तपन भौमिक, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, पूर्व डिप्टी कलेक्टर कौशल बंसल, इंदौर नगर उपाध्यक्ष नारायण पटेल, और उद्योगपति एवं समाजसेवक विशाल पाठक जैसे अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत मंदिर निर्माण समिति के प्रमुख और इस आयोजन के मुख्य संयोजक शैलेंद्र पटेल ने अंगवस्त्र और पुष्पहार अर्पित कर किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, "यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सेवा, संस्कृति और समर्पण की जीवंत मिसाल है। यह धाम आने वाले समय में पूरे भारत के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।"

### महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज का सान्निध्य

यह ऐतिहासिक आयोजन 1008 महामंडलेश्वर परम पूजनीय संत श्री उत्तम स्वामी महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। अपने आशीर्वचन में उन्होंने कहा, "जब किसी भूमि पर श्रद्धा, सेवा और साधना का संगम होता है, वहां ईश्वर स्वयं प्रकट हो जाते हैं। यह धाम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि समाज में सद्भाव और संस्कृति की नई ज्योति भी प्रज्वलित करेगा।" आयोजन में देशभर के अनेक संत-महात्मा पधारे, जिनमें श्री नारायण भक्ति पंथ के प्रवर्तक सतगुरु लोकेशानंद महाराज, टिकोन धाम के गुरु शिवनारायण पाटीदार, तथा महाशक्तिपीठ के पीठाधीश्वर पंडित कैलाशचन्द्र शर्मा प्रमुख रहे। सभी संतों ने संयुक्त रूप से मां बगलामुखी की आरती कर क्षेत्र की शांति, समृद्धि और सुख-शांति की कामना की।

### संतों और समाजसेवियों ने दी शुभकामनाएँ

कार्यक्रम के समापन पर महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज ने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं, यजमानों, कलाकारों और दानदाताओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा, "यह धाम अब केवल बिजाना का नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत का आध्यात्मिक तीर्थ बनेगा। यहां आने वाला हर साधक आत्मिक शांति और शक्ति का अनुभव करेगा।" इस प्रकार सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्तिपीठ, बिजाना धाम पर हुआ यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा, सेवा और संस्कृति का संगम बनकर उभरा। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि श्री नीब करौरी बाबा की दिव्य उपस्थिति से यह धाम आने वाले वर्षों में भक्तों के कल्याण और समाज की समृद्धि का केंद्र बनेगा।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### जापान में 6.7 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी हिस्से में रविवार शाम आए तेज भूकंप ने एक बार फिर धरती को हिला दिया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (JMA) के अनुसार, इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.7 दर्ज की गई है। झटके स्थानीय समयानुसार शाम 5:03 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र इवाते प्रांत के तट से लगभग 10 किलोमीटर गहराई में स्थित था। भूकंप के तुरंत बाद मौसम एजेंसी ने एक मीटर तक ऊंची सुनामी लहरें उठने की चेतावनी जारी की है। तटीय इलाकों में लोगों को समुद्र से दूर रहने और ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इवाते और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने और कुछ इमारतों में दरारें पड़ने की खबरें मिली हैं।

### BSF : डॉग बबीता की बुद्धिमत्ता को सलाम, मिला के-9 अवार्ड

**चंडीगढ़।** भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ के साथ कदमताल करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली ट्रेकर डॉग बबीता को इस वर्ष का वल्लभभाई पटेल आरआरयू नेशनल के-9 अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हैदराबाद में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में असाधारण साहस और विशिष्ट सेवा के लिए दिया गया। अमृतसर सेक्टर में सीमा पर तैनात एक बटालियन के साथ सेवारत बबीता ने सितंबर, 2025 में एक बड़े ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी तीक्ष्ण प्रवृत्ति और बुद्धिमत्ता ने सैनिकों को एक संदिग्ध घर तक पहुंचाया, जिसके परिणामस्वरूप तीन भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बीएसएफ ने बबीता के सहयोग से तस्करों के कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगज़ीन, 63 राउंड और 04 मोबाइल फ़ोन ज़ब्त किए। बबीता की यह अनुकरणीय उपलब्धि सीमा सुरक्षा बल की बेजोड़ बहादुरी, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और उत्तम टीम वर्क को दर्शाती है, जो देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सदैव सतर्क और तत्पर रहता है।

### उत्तराखंड के बागेश्वर में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**देहरादून।** उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में रविवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप दोपहर 2 बजकर 40 मिनट 4 सेकंड (भारतीय समयानुसार) पर आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.6 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में 30.02 उत्तरी अक्षांश और 79.95 पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसकी गहराई 10 किलोमीटर नीचे था।

---



## थोरियम अनुसंधान को प्राथमिकता दे भारत : डॉ. मोहन भागवत

**पीईएस विवि में कहा- धर्मांतरण और राजनीतिक विभाजन राष्ट्र के लिए खतरा**

**एजेंसी । बेंगलुरु**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत की असली शक्ति उसकी एकता और सांस्कृतिक समरसता में निहित है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धर्मांतरण और विभाजन की राजनीति राष्ट्र की अखंडता के लिए गंभीर खतरा हैं। पीईएस विश्वविद्यालय, बेंगलुरु में आयोजित "संघ की सौ वर्ष यात्रा : नवक्षितिज" व्याख्यानमाला के दूसरे दिन अपने संबोधन में डॉ. भागवत ने कहा कि राजनीति अकसर समाज को संप्रदाय और जाति के आधार पर बांटती है, परंतु "हिंदू समाज को स्वयं विभाजित नहीं होना चाहिए।" उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति का मूल तत्व एकता और सद्भाव है, और यही राष्ट्र की आत्मा भी है।

### अपनी पहचान के साथ अडिग है भारत

भागवत ने कहा कि पिछले तीन सौ वर्षों में अनेक धर्मांतरण के प्रयास हुए, लेकिन भारत आज भी अपनी पहचान और संस्कृति के साथ दृढ़ता से खड़ा है। उन्होंने कहा, "हमारा धर्म, हमारी संस्कृति और जीवन मूल्यों की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।" देश के आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में बोलते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि, लघु उद्योग (एमएसएमई), कॉर्पोरेट क्षेत्र और स्वरोजगार हैं। इन क्षेत्रों की मजबूती ही राष्ट्र के विकास की असली नींव है। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि और रोजगार सृजन में इनकी भूमिका अत्यंत

### यूरेनियम के मुकाबले थोरियम सुरक्षित

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र पर चर्चा करते हुए डॉ. भागवत ने सुझाव दिया कि भारत को थोरियम अनुसंधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूरेनियम के मुकाबले थोरियम एक सुरक्षित और सुलभ विकल्प है, जिसमें भारत आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है और न ही सरकार का हिस्सा है, लेकिन समाज में जागरूकता लाने और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

### कहीं रसोई बांग्लादेश में तो कहीं बाथरूम...

सीमा सुरक्षा और अवैध प्रवासियों पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में भागवत ने कहा कि भारत की सीमाएं कई जगह असामान्य स्थिति में हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, "कहीं रसोई बांग्लादेश में है और बाथरूम भारत में।" उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित करना आवश्यक है, हालांकि इसके लिए स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही कदम उठाए जाने चाहिए। दो दिवसीय इस व्याख्यानमाला में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, जिला संघचालक डॉ. पी. वामन शेनॉय और कर्नाटक दक्षिण प्रांत संघचालक जी.एस. उमापति भी मंच पर उपस्थित रहे। डॉ. भागवत के इस संबोधन को राष्ट्र की एकता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

---

## गुजरात को दहलाने की साजिश नाकाम, तीन आतंकी गिरफ्तार

**गांधीनगर के अडालज टोल प्लाजा से आधुनिक हथियार और घातक केमिकल बरामद**



**एजेंसी । गांधीनगर**

गुजरात में सुरक्षा एजेंसियों ने संभावित आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। राज्य एटीएस ने गांधीनगर के अडालज टोल प्लाजा के पास से तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से आधुनिक हथियारों और खतरनाक रासायनिक पदार्थ का जखीरा बरामद किया है।

### प्रतिबंधित ग्लाक और बेरेटा पिस्टल बरामद

गिरफ्तार आतंकियों की पहचान डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद (हैदराबाद निवासी), मोहम्मद सुहेल और आज़ाद सैफी (दोनों उत्तर प्रदेश निवासी) के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 25 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। इनके पास से दो ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और चार लीटर कैस्टर ऑयल बरामद किया गया है।

### बना रहे थे साइनाइड से घातक जहर

प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि तीनों आरोपी आईएसआईएस से प्रेरित नेटवर्क से जुड़े हुए हैं और गुजरात में बड़े पैमाने पर आतंकी हमला करने की तैयारी में थे। सूत्रों के अनुसार, ये लोग एक ऐसा घातक ज़हर विकसित करने की कोशिश कर रहे थे, जो साइनाइड से भी अधिक खतरनाक हो सकता था।

### रासायनिक हमले की थी तैयारी

एटीएस अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों को हथियार सप्लाई करते समय ही गिरफ्तार किया गया। वे राज्य सहित देश के विभिन्न हिस्सों में विस्फोटक या रासायनिक हमला करने की योजना बना रहे थे। फिलहाल तीनों से पूछताछ जारी है, ताकि उनके नेटवर्क और संभावित संपर्कों का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि इन्हें हथियार और केमिकल सामग्री कहां से मिली और इनके संपर्क किन-किन राज्यों में फैले हैं।

---

## दिसंबर से बंद होने जा रहा कोरला नाका, व्यापार पर संकट

**एक दिसंबर से बंद कर रहा है चीन**



**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल और चीन के बीच सीमावर्ती व्यापार एक बार फिर मुश्किल दौर में प्रवेश करने जा रहा है। बाढ़ और भूस्खलन से पहले ही बाधित प्रमुख मार्गों के बाद अब चीन ने मुस्तांग जिले में स्थित कोरला नाका को 1 दिसंबर से अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। इस कदम से दोनों देशों के बीच सीमापार व्यापार लगभग ठप होने की आशंका जताई जा रही है। नेपाल उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष केंद्र ढकाल ने बताया कि रसुवा और तातोपानी नाकों के लंबे समय से बंद रहने के कारण चीन से मंगाया गया अरबों रुपये का माल तिब्बत में ही फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि कोरला नाका भले ही दूरी में अधिक और लागत में महंगा हो।

### रसुवा नाका पहले से ही बंद

ढकाल ने चिंता जताई कि वर्तमान में रसुवा नाका पूरी तरह बंद है, जबकि तातोपानी नाका से चीन की ओर से प्रतिदिन केवल पांच से दस कंटेनर ही नेपाल भेजे जा रहे हैं। ऐसे में कोरला मार्ग का बंद होना व्यापारिक संकट को और गहरा देगा।

### तिब्बत में फंसे हैं हजारों कंटेनर

नेपाल-चीन व्यापार संघ के अध्यक्ष त्रिभुवन तुलाधर ने बताया कि हजारों नेपाली कंटेनर अब भी तिब्बत में फंसे हैं। व्यापारियों ने भारी अतिरिक्त खर्च उठाकर अपने कंटेनरों को तातोपानी से कोरला मार्ग की ओर मोड़ा था। तुलाधर के अनुसार, समुद्री मार्ग से सामान मंगाना भले ही सस्ता पड़ता हो, लेकिन उसमें तीन महीने से अधिक समय लगने से बिक्री पर बुरा असर पड़ता है।

---

रजत जयंती : 'उत्तराखंड उदय' थीम पर दो स्मारक डाक टिकट जारी

## प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के किसानों के खाते में ट्रांफर की धनराशि

**कई परियोजनाओं का शुभारंभ**

**एजेंसी । देहरादून**

उत्तराखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यवासियों को विकास की नई सौगातें दीं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर मौसम आधारित पुनर्गठित फसल बीमा योजना के तहत 28 हजार किसानों के खातों में 63 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की। इसके साथ ही उन्होंने 'उत्तराखंड उदय' थीम पर आधारित दो स्मारक डाक टिकटों का भी लोकार्पण किया। समारोह में प्रधानमंत्री ने "गौरवशाली अतीत, सशक्त वर्तमान और सुनहरा भविष्य" शीर्षक से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया, जिसमें राज्य की विकास यात्रा, सांस्कृतिक पहचान और जनआकांक्षाओं का समग्र चित्रण किया गया है। साथ ही सोंग और जमरानी जलविद्युत परियोजनाओं सहित 8,260 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया। प्रधानमंत्री ने जारी किए गए डाक टिकटों और विशेष कवर के माध्यम से उत्तराखंड के 25 वर्ष के विकास, संस्कृति और पुनर्निर्माण कार्यों को सम्मानित किया। विशेष कवर में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्य, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, ऑल वेदर रोड परियोजना जैसी राज्य की बड़ी उपलब्धियों को दर्शाया गया है।







### एएआई के अधीन होगी हवाई पट्टी

इस समझौते के बाद पिथौरागढ़ की नैनी सैनी हवाई पट्टी को पूर्ण रूप से एएआई के अधीन किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में नियमित वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत, सीमावर्ती जनपदों की यात्रा सुविधा में वृद्धि और आदि कैलाश व ओम पर्वत लिपुलेख यात्राओं को नई गति मिलने की संभावना है।

### स्टेडियम और एस्ट्रोटर्फ हाकी मैदान समर्पित

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पेयजल, सिंचाई, ऊर्जा, तकनीकी शिक्षा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास से जुड़ी कई योजनाओं का भी शिलान्यास किया। इनमें देहरादून जलापूर्ति योजना, पिथौरागढ़ विद्युत सबस्टेशन, सरकारी भवनों में सौर संयंत्र, और हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान प्रमुख हैं।

---

## कानूनी मदद राष्ट्र के प्रति नैतिक दायित्वः मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** रविवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा कि कानूनी सहायता (लीगल एड) केवल एक परोपकारी कार्य नहीं, बल्कि यह देश के नागरिकों के प्रति एक नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना सुशासन की मूल भावना का हिस्सा है और इस दिशा में काम करने वालों को प्रशासनिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सीजेआई गवई 'लीगल एड डिलीवरी मैकेनिज्म को मजबूत बनाने' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र और लीगल सर्विसेज डे समारोह को संबोधित कर रहे थे।



### कोने-कोने तक पहुंचे कानून का राज

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, लीगल एड केवल किसी की मदद करना नहीं, बल्कि शासन की उस जिम्मेदारी का हिस्सा है, जो यह सुनिश्चित करती है कि कानून का राज देश के हर कोने तक पहुंचे। उन्होंने लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज़ (NALSA और SLSA) से कहा कि वे अपने कार्य को केवल सामाजिक सेवा की तरह न देखें, बल्कि उसे 'न्याय के प्रशासन' का अभिन्न अंग मानकर योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाएं।